MPHIN/2021/83938



# दैनिक पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल



ग्वालियर: वर्ष: 3 : अंक: 191 | ग्वालियर, गुरुवार 21 मार्च 2024 | पृष्ठ: 8 मूल्य: 2 रुपए

## न्यूज ट्रैक

### आईएसआईएस का इंडिया चीफ गिरफ्तार, असम की एसटीएफ टीम को मिली बड़ी सफलता



**नई दिल्ली।** असम में स्पेशल टास्क फोर्स ने देश में आतंकी संगठन आईएसआईएस के चीफ हारिस फारूकी को गिरफ्तार कर लिया है. उसे हरीश अजमल फारुखी के नाम से भी जाना जाता है. उसे हाल ही में असम में स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने पकड़ा था. ये गिरफ्तारी धुबरी जिले के धर्मशाला इलाके से हुई. बताया जा रहा है कि फारूकी और सहयोगियों को लेकर एक गुप्त सूचना मिली थी. ये बांग्लादेश से भारत में प्रवेश कर रहे थे. देहरादून के चकराता का रहने वाले फारूकी और उसके साथी अनुराग सिंह को हिरासत में ले लिया गया है. आगे की प्रक्रिया को लेकर गुवाहाटी में एसटीएफ कार्यालय लाया गया है. आपको बता दें कि अनुराग सिंह की पत्नी बांग्लादेशी नागरिक है. दोनों को भारत में ढ्ढस्ढ्ढस् के अत्यधिक प्रशिक्षित आतंकी के रूप मे जाना जाता है. ये देश भर के कई स्थानों पर भर्ती, आतंकी फंडिंग और इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) का उपयोग करके आतंकी गतिविधियों की योजना बनाने में शामिल हैं. गिरफ्तार आतंकी देश के अंदर आईएसआईएस का विस्तार, लोगों के बीच डर पैदा करने, विभिन्न अभियानों को लेकर धन जुटाने और कई क्षेत्रों में आईईडी धमाकों को अंजाम देने की योजना बना रहे थे. असम एसटीएफ ने ये संकेत दिया कि फारूकी और सिंह दोनों के खिलाफ कई मामले अटके हुए थे. अधिकारी इन भगोड़ों के खिलाफ आगे की कानूनी कार्रवाई की तैयारी कर रहे हैं. इन आरोपियों को राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को सौंपने का इरादा रखते हैं. पुलिस के अधिकारिक बयान के अनुसार, दोनों आईएसआईएस के बेहद खूंखार सदस्य हैं. हारिस फारूकी देहरादून का रहने वाला है. वह भारत में जाल फैलाने और उसके मंसूबों और साजिशों को भारत में पूरा करने के लिए काम करते थे.

### सद्गुरु जग्गी वासुदेव की इमरजेंसी ब्रेन सर्जरी, गंभीर सिरदर्द से जूझ रहे थे

**नई दिल्ली-।** ईशा फाउंडेशन के सद्गुरु जग्गी वासुदेव की दिल्ली के एक अस्पताल में आपातकालीन ब्रेन सर्जरी कराई गई. ईशा फाउंडेशन के सद्गुरु की ब्रेन सर्जरी से पहले उनकी जान को खतरा था. सद्गुरु बीते चार हफ्ते से गंभीर सिरदर्द का अनुभव कर रहे थे. डॉक्टरों को पता था कि उनके मस्तिष्क में भारी रक्तस्राव और सूजन की स्थिति थी. इसके बाद उन्हें सर्जरी करानी पड़ी. बताया जा रहा है कि सद्गुरु के मस्तिष्क में सूजन थी. इसका पता 17 मार्च को चला. डॉक्टर विनीत सूरी ने इसकी जानकारी देते हुए कहा कि सद्गुरु का जीवन गंभीर खतरे की स्थिति में था.

## सर्जिकल स्ट्राइक को लेकर आतंकवाद पर बोले पीएम मोदी

# नया भारत सबक भी सिखाता है

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को एक मीडिया समिट में सर्जिकल स्ट्राइक की याद दिलाई. उन्होंने कहा कि यह नया भारत है. यह आतंक के जख्म को सहता नहीं है. कार्यक्रम में अपने भाषण की शुरुआत करते हुए पीएम मोदी ने पांच साल पहले 2019 को याद किया. उन्होंने उस दिन भी मैं यहां पर एक कार्यक्रम में शामिल था. उस दिन हम सभी मंच पर बैठे थे. उस दिन मैं बहुत शांत मन से सबकी बात सुन रहा था. तभी उसी रात भारत बालाकोट में सर्जिकल स्ट्राइक की तैयारी कर रहा था.

**दुनिया भी देख रही है-मोदी**-पीएम मोदी ने आगे कहा कि सुरक्षित भारत ही विकसित राष्ट्र का आधार है. यही भारत की पहचान है. उन्होंने पाकिस्तान का नाम लिए बिना कहा कि नया भारत सबक भी सिखाता है. उन्होंने पाकिस्तान का नाम लिए बिना कहा कि नया भारत सबक भी सिखाता है. हमें आतंकी हमलों के जख?म देते थे, उनकी क्या हालत है. देश देख रहा है, दुनिया भी देख रही है. 2019 के फरवरी माह में जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में भारतीय अर्धसैनिक बलों के काफिले पर घात लगाकर किए एक भीषण आतंकी हमला हुआ था. इस हमले में 40 जवान शहीद हो गए थे. भारत ने इस हमले के दोषी आतंकियों को सबक सिखाने को लेकर पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के बालाकोट में कई ठिकानों पर सर्जिकल स्ट्राइक की थी. इसमें बड़ी संख्या में आतंकी मारे गए.



**यह लोकतंत्र की खूबसूरती है**-पीएम मोदी ने कहा कि चुनाव का वक्त है. चुनाव की तारीखों की घोषणा हो चुकी है. लोकतंत्र की यह खूबसूरती है. पीएम ने कहा कि बीते 10 सालों में काफी बदलाव हुआ है. आज भारत के कंफिडेंस का स्तर हर भारतीय की बात में झलक रहा है. आज हम विकसित भारत की बात कर रहे हैं. आज हम आत्मनिर्भर की बात कर रहे हैं. हम सभी लोग ये उपलब्धी देख रहे हैं. मात्र 10 साल में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले. भारत की अर्थव्यवस्था 10वें नंबर से ऊपर उठकर पांचवें पर आ पहुंची है.

## दूसरे आरोपी जावेद पर इनाम घोषित, साजिद की पत्नी पर बड़ा खुलासा

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के बदायूं में डबल मर्डर केस में नया अपडेट सामने आया है. मुठभेड़ में मारे गए आरोपी साजिद की पत्नी के बारे सना पूरी तरह से ठीक है. वो ना अस्पताल में भर्ती है, ना ही गर्भवती है और ना ही उसके इलाज के लिए पांच हजार की जरूरत थी. वो तो बीते 15 दिनों से अपने मायके में थी. पुलिस की पूछताछ में खुलासा हुआ कि एनकाउंटर में मारा गया साजिद खुद उसे ले जाकर अपने ससुराल छोड़ा था. बदायूं शहर में बाबा कॉलोनी में स्थित विनोद के घर में पहुंचने के बाद साजिद ने संगीता से चाय बनाने के लिए कहा था. इसके साथ ही उसने अपनी पत्नी सना की बीमारी का बहाना बनाकर पांच हजार रुपए उधार भी मांगे थे. इधर संगीता चाय बनाने में लग गई, वहीं, साजिद वो घर की छत पर पहुंच गया, जहां विनोद के तीनों बच्चों खेल रहे थे. उसने एक बच्चे को पानी लान के बहाने नीचे भेज दिया.



इसके बाद साजिद ने दोनों बच्चों पर जानलेवा हमला कर दिया. इसमें 12 वर्षीय आयुष और 8 वर्षीय अहान उर्फ हनी की मौत हो गई, वहीं, युवराज जब पानी लेकर आया तो उसने दोनों को जमीन पर लेटा देखा, उसने चिल्लाने लगा. साजिद ने उसपर भी हमला किया, लेकिन वह नीचे आकर चिल्लाने लगा. बच्चों की आवाज सुनकर मां उपर देखी तो साजिद और जावेद खून से सने उस्तरे लिए नीचे उतरकर भागने लगा. आरोपियों के दूसरे समुदाय के होने से बदायूं के लोगों का गुस्सा भड़क उठा. पुलिस ने दूसरे आरोपी पर इनाम घोषित कर दिया. पुलिस का दावा है कि दूसरे आरोपी को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा. फिलहाल पुलिस आरोपी के परिजनों से पूछताछ कर रही है. इसमें कई और खुलासे होने की संभावना है.

## लोकसभा चुनाव से पहले बड़ा उलटफेर

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव से पहले बिहार की राजनीति में बड़ा उलटफेर हुआ. पप्पू यादव की पार्टी जन अधिकार पार्टी का कांग्रेस में विलय हो गया. पप्पू यादव अन्य नेताओं के साथ कांग्रेस में शामिल हो गए. इससे पहले मंगलवार रात पप्पू यादव ने पटना में राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव और तेजस्वी यादव से मुलाकात की थी. तीनों नेताओं के बीच आगामी चुनाव को लेकर बातचीत हुई और रणनीति बनाई गई. पप्पू यादव ने कहा कि बिहार में इंडिया ब्लॉक की जीत सुनिश्चित करनी है. पप्पू यादव कांग्रेस से चुनावी मैदान में उतरेंगे. पप्पू यादव पूर्णिया से महागठबंधन के उम्मीदवार हो सकते हैं. इधर पप्पू यादव की पार्टी का कांग्रेस में विलय होने पर कांग्रेस की प्रदेश ईकाई के अध्यक्ष अखिलेश सिंह नाराज हो गए हैं. बताया जा रहा है कि अखिलेश सिंह को इस बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई, अखिलेश सिंह पप्पू यादव को पार्टी में विलय नहीं कराना चाहते थे. वह इसका कई बार विरोध भी कर चुके थे. हालांकि, बिहार प्रभारी मोहन प्रकाश ने उनकी नाराज़गी को दूर करने के लिए मुलाकात के लिए बुलाया है. बुधवार को पूर्व सांसद पप्पू यादव ने राजद सुप्रीमो लालू यादव और तेजस्वी यादव की तारीफ की थी. पप्पू यादव ने इस बात का संकेत भी दिया कि अगर कांग्रेस पूर्णिया से उन्हें लोकसभा टिकट मिलती है तो वह अपनी पार्टी का विलय कर देंगे. पप्पू यादव की पत्नी रंजीता रंजन कांग्रेस से राज्यसभा सांसद हैं. उन्हें कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ से राज्यसभा भेजा था. अब पप्पू यादव की पार्टी का भी कांग्रेस में विलय हो गया है. ऐसे में पप्पू यादव अब पूर्णिया से इंडिया ब्लॉक की टिकट पर चुनाव लड़ सकते हैं.




# 80 लाख कीमत की अवैध स्मेक के साथ अतंर्राज्यीय तस्कर गिरफ्तार

## पुलिस अधीक्षक डॉ. असित यादव ने प्रेस वार्ता कर दी जानकारी

**पंकज त्रिपाठी**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । पुलिस अधीक्षक डॉ. असित यादव के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव पाठक एवं तथा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस अटेर जे.वाय. खान के मार्गदर्शन में एक बडी सफलता प्राप्त हुयी है। लोकसभा चुनाव अन्तर्गत थाना फूप पर बॉर्डर नाका बरही बनाया गया है। जिस पर लगातार पुलिस टीम द्वारा चेंकिग की जा रही है। उक्त नाकें पर दिनांक 19/03/2024 को एक संदिग्ध व्यक्ति जिसकी सूचना प्राप्त होने पर थाना प्रभारी थाना फूप द्वारा पुलिस टीम को सकिय किया गया एवं नाके पर चैंकिग लगाई गयी तभी उक्त संदिग्ध व्यक्ति हाथ में थैला लिये हुए इटावा तरफ से पैदल आता हुआ दिखाई दिया पुलिस टीम की चेकिंग को देख उक्त व्यक्ति भागने लगा तो वह हडबडाहट में गिर गया पुलिस टीम द्वारा उक्त व्यक्ति को घेरकर पकड लिया गया तथा हाथ में लिए थैले की तलाशी लेने पर उसके अन्दर 04 पैकिट अवैध मादक पदार्थ (स्मैक) के रखे हुए मिलें जिनका कुल बजन 818 ग्राम बरामद किया गया जिसका अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में मूल्य करीब 80 लाख रुपये है। उक्त आरोपी के विरुद्ध थाना फूप में अपराध क्र. 59/24 धारा 8/21 स्वापक औषधि एवं मनःप्रभावी पदार्थ अधिनियम (एनडीपीएस एक्ट) पंजीबद्ध किया गया है। उक्त सम्बन्ध में आरोपी से पूछताछ करने पर बताया गया कि वह स्मैक बैचने के लिये जा रहा था। आरोपी अन्तर्राज्जीय मादक पदार्थ तस्कर है जिस पर पूर्व में भी अवैध मादक पदार्थ खरीदने व बैचने के सम्बन्ध में अलग- अलग राज्यों में (उ.प्र.,म.प्र.) अपराध दर्ज है जिनकी जानकारी प्राप्त की जा रहो है। उक्त सम्बन्ध में आरोपी से पूछताछ जारी है जिसमें और भी खुलाशे होने की सम्भावना है।







**जप्त मशरूका का विवरण**ः1. अवैध मादक पदार्थ (स्मैक) 818 ग्राम (80,00,000 रुपये)। 2. एक एण्डॉईड मोबाईल-25,000 रुपये। कुल मशरुका कीमती 80 लाख 25 हजार रुपये।

**सराहनीय भूमिकाः**-उक्त उल्लेखनीय कार्य में थाना प्रभारी फूप निरीक्षक सतेन्द्र राजपूत,थाना प्रभारी नयागांव उपनिरीक्षक वैभव तोमर,ब्रजेश परमार,एएसआई सायबर सेल सत्यवीर सिंह,प्रधान आरक्षक प्रमोद पाराशर,चरन सिह,महेश कुमार, सतेन्द्र यादव,सुमित तोमर,प्रआर विनोद,आरक्षक गजेन्द्र यादव,आरक्षक सायबर सेल आनन्द दीक्षित,यतेन्द्र राजावत,राहुल यादव,नरेन्द,हरपाल चौहान,शिवम यादव,राहुल राजावत,राहुल सिकरवार,चालक प्रभात बाबू आदि की सराहनीय भूमिका रही है।

# मरा नहीं, अभी जिंदा हूं विधानसभा में हुई हार का बदला लोकसभा में लूंगा : डा. गोविंद सिंह

## लोकसभा प्रत्याशी फूल सिंह बरैया ने भी कार्यकर्ताओं को किया संबोधित

**पंकज त्रिपाठी**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । मरा नहीं,अभी जिंदा हूं , विधानसभा में हार का बदला लोकसभा में लूंगा यह बात पूर्व नेता प्रतिपक्ष डॉ.गोविंद सिंह ने दबोह के मंगलम मैरिज गार्डन में भिंड -दतिया लोकसभा कांग्रेस प्रत्याशी भांडेर विधायक फूल सिंह बरैया के समर्थन में कही उन्होने कहा मुझे लग रहा था की शायद अब कार्यकर्ता टूट जायेगा लेकिन कांग्रेस कार्यकर्ताओं की भीड़ देखकर मेरा सीना चौड़ा हो गया मैने अभी हार नही मानी है,मुझे कोई लालसा नहीं जनता ने हमे 35 साल विधायक बनाया अब जितना जीवन बचा है,जनता के लिए संघर्ष करूंगा अन्याय बर्दाश्त नही करूंगा, 35 साल बाद कांग्रेस पार्टी ने दमदार प्रत्याशी फूल सिंह बरैया उतारा है,जो भाजपा के मायाजाल को तोड़ने में सक्षम है,विधानसभा में जो हार हुई है कार्यकर्ता उस हार का बदला लोकसभा में जीतकर लेंगे। भिंड- दतिया लोकसभा कांग्रेस प्रत्याशी फूल सिंह बरैया ने कहा भाजपा का प्रत्याशी जीतकर पांच साल अपना चेहरा नहीं दिखाता कई लोग तो पहचान भी नही पाते ,लेकिन आपका फूल सिंह बरैया वचन देता है, स्टांप पेपर पर समस्याओं के लिए संघर्ष करने से पीछे नहीं रहेगा, विकास में कोई कसर नही छोड़ेगा 400 पार का दावा करने वाले श्री मोदी जी संविधान को खत्म करने का सपना देख रहे है,अबकी बार 200 सीटे



दस्तखत करने के लिए तैयार है की जनता को कभी पीठ नही दिखायेगा,लहार में डा.गोविन्द सिंह की पूर्ति तो नही कर सकता लेकिन उनकी तरह जनता की भी नही आयेंगी । इस मौके पर लहार जनपद पंचायत के पूर्व विधायक प्रतिनिधि मानमेंद्र प्रताप सिंह राजावत,कांग्रेस नेता केशव सिंह दद्दू ,पूर्व राष्ट्रीय सचिव अनिरुद्ध प्रताप सिंह,लहार जनपद पंचायत उपाध्यक्ष रामेश्वर दयाल कौरव ,नगर परिषद के उपाध्यक्ष हाकिम सिंह चौधरी ,जिला उपाध्यक्ष डा. ओपी सिंह कौरव,जिला कांग्रेस महासचिव रमाशंकर सिंह चौधरी, कांग्रेस नेता डा रमेशचंद्र शर्मा नगर पंचायत प्रतिनिधि नरेंद्र दुधारिया, कल्याण सिंह मांझी ने भी मोदी सरकार पर जमकर हमला बोला उन्होंने कहा मोदी सरकार देश में संविधान को खत्म करना चाहती है, जिसका सबूत उनके एक सांसद ने अपना बयान देकर कहा की यदि 400 पार सीटे आती है तो संविधान को आसानी से बदला जा सकता है, जिसे जनता बर्दाश्त नहीं करेगी,हम अपने नेता डा. गोविंद सिंह के नेतृव में भाजपा सांसद के 35 साल का रिकॉर्ड तोड़ेंगे। फूल सिंह बरैया को लायेंगे। इस मौके पर कार्यक्रम का संचालन नगर कांग्रेस अध्यक्ष रूपनारायण खटीक ने किया । आभार युवक कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष शेर सिंह कौरव ने किया।

## श्री विश्वकर्मा गौड विकास आदर्श विवाह समिति द्वारा ग्वालियर में 23वा.सम्मेलन आयोजित होने जा रहा है 20 अप्रैल 2024

**महेंद्र शर्मा उप संपादक पुष्पांजलि टुडे**

श्री विश्वकर्मा गौड़ समाज विकास समिति ग्वालियर रयटापुरा नं.2 की बैठक हुई मुरार वीरेंद्र कुमार विश्वकर्मा जी के निज निवास पर उसमें वरिष्ठ समाजसेवी एवं पूर्व पदअधिकारियों द्वारा समस्त ग्वालियर समाज ने अध्यक्ष का चुनाव किया गया और यह निर्णय लिया गया कि आगामी 20 अप्रैल2024 को गौड समाज का 23 वां आदर्श विवाह सम्मेलन मेला ग्राउंड में आयोजित किया जायेगा जिसके लिये नवीन कार्यकारणी गठित की गई

संरक्षकः श्री शिरोमणि सिंह गौड़, अध्यक्ष ःश्री मोनू गौड़ (खड उआ बाले),,उपाध्यक्षः श्री राजेंद्र प्रसाद गौड़,,श्री कमलेशगौड,,लखनलाल गौड़(बडोरी बाले),,दुर्गा चरण गौड(मौ वाले),,लक्ष्मण सिंह गौड(इंदरगढ़) सचिवःश्री वीरेंद्र कुमार गौड(मुरार) महा-



सचिवः........सह- सचिव ःत्रिलोकी नाथ गौड़,,राम प्रताप पांचाल, बाबूलाल गौड़
**कोषाध्यक्षः** प्रेम नारायण गौड,सह -कोषाध्यक्षाः........कार्यकारिणी
अध्यक्षः......समिति प्रवक्ता...............
भडार प्रबंधक ःजानकी शरण गौड़,स्वागत मंत्रीः करण सिंह गौड, व्यवस्था मंत्रीः राम लखन गौड़
मीडिया प्रभारीः.प्रचार मंत्रीः कल्लू राम गौड
संगठन मंत्रीः राहुल गौड परामर्श दाताः पन्नालाल गौड़,,जगदीश प्रसाद गौड़
आय-व्यय निरीक्षकः लखन लाल गौड़,,श्याम लाल गौड़
मंच संचालनः.........सभी नवीन पदाधिकारिओं का एम वरिष्ठ समाज सेवी का मालयअर्पण कर 23 वे विवाह सम्मेलन के लिये बधाई दी

# कलेक्टर ने मतदाता जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

## सभी विधानसभाओं में जाकर देंगे मतदाता जागरूकता का संदेश

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**



**भिण्ड ।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजीव श्रीवास्तव द्वारा मतदाता जागरूकता वाहन को कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। भिण्ड जिले के सभी पांचों विधानसभा क्षेत्रों में जागरूकता वाहन के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया जाएगा और अधिक से अधिक मतदान कराने के लिए लोगो को प्रेरित करेगा। यह सभी रथ भिंड जिले की पांचों विधान सभा में 22 अप्रैल तक भ्रमण करेंगे और मतदाताओं को वीडियो के माध्यम से मतदान संबंधी जानकारी देंगे। ईव्हीएम, व्हीव्हीपीएटी से मतदान करने की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी जाएगी। इस दौरान अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी लक्ष्मीकांत पाण्डेय,डिप्टी कलेक्टर अखिलेश कुमार शर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# शहीदों की चिताओं पर लगेंगे हर वर्ष गले

## बतन धर्म पर मरने वालो का यही बाकी निशां होगे



अम्बाह...आर्य समाज चतुर की गढी बेद मन्दिर पोस्ट नयापुरा अम्बाह जिला मुरैना म.प्र. के स्व0 पातीराम जी बैदिक के पुत्र आर्येन्द्र कुमार शास्त्री उपदेशक मध्य भारतीय आर्य प्रतिनिधि सभा तात्या टोपे नगर भोपाल की पुत्री का जन्म दिनांक- 05/10/1992 को हुआ था आदिवासी बाहुल्य जिला झाबुआ के अन्तर वेलिया ग्राम में आर्य समाज का प्रचार प्रसार किया जाता है विध गालय छात्रावास, बालगृह, आश्रम के माध्यम भारतीय संस्कृति हिन्दू धर्म का प्रचार आश्रम संचालिका सुश्री बन्दना वैदिक करती थी साहस व वीरता की मूर्ति वन्दना की विधार्मियो ने दिनांक- 18/03/2017 को हत्या कर दी थी आज दिनांक 18/03/2024 सोमवार को वीरांगना सुश्री वन्दना वैदिक का बलिदान दिवस मनाया गया यज्ञ, हवन, प्रबचन व मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी गई पं. आर्येन्द्र कुमार शास्त्री के ताऊ जी श्री नेतराम आर्य हिन्दी रक्षा आन्दोलन में 31/12/1957 में अंबाला में शहीद हुये। प्रातः काल यज्ञ में आर्य समाज चतुर की गढी के पदाधिकारी सदस्यव ग्रामस्थ उपस्थित हुये श्री बाबूलाल जी आर्य श्री आदिराम आर्य प्रधान, श्री केशव सिंह आर्य शिक्षक, देवेन्द्र सिंह, नरदेव श्री रामेश्वर आर्य श्री पूरनचंद, कपूरचंद, आर्य व महिला व बच्चे उपस्थित थे। वीरांगना वन्दना वैदिक के अधूरे कार्यो को पूर्ण करने का प्रयास करे यही सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

# दिन में भारी वाहनों का बाजार से निकलना बना मुसीबत, 2 की जान जाते जाते बची





**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक**
**पुष्पांजली टुडे**

**दबोह।** नगर में दिन में लगातार भारी व ओवरलोड वाहनों का थाने के सामने से ही निकलना होता है परंतु गनीमत है कि पुलिस इनपर कार्यवाही कर जाए।दिन में धड़ल्ले से भारी व ओवरलोड वाहन तेज रफ्तार से मुख्य बाजार में दौड़ते हुए निकल जाते हैं जिससे हादसे की आशंका बड़ जाती है और कभी कभी तो इंसान व जानवर इनकी चपेट में आकर या तो घायल हो जाते हैं या फिर अपनी जान गंवा देते हैं।ऐसा ही वाकया बुधवार की सुबह थाने से कुछ ही दूरी पर मुख्य बाजार में हुआ जहां पर अपनी साइड जा रही बाइक में ट्रक चालक ने बाइक सवार गांगेपुरा निवासी माया देवी उम्र लगभग 50 वर्ष व पति अवधकिशोर में टक्कर मार दी।जिसकी वजह से दोनों ट्रक के पिछले पहिये के नीचे आते आते बच गए जबकि महिला पहिये से कुछ ही इंच दूरी पर थी अगर रहवासी ट्रक ने रोकते तो महिला मौके पर ही अपनी जान गंवा देती।हादसा होते ही मौके पर मौजूद भीड़ ने जमकर ट्रक ड्राइवर की पिटाई की और थाने पर ले गए।जहां पर पुलिस ने लापरवाह ड्राइवर को अपनी गिरफ्त में ले लिया और ट्रक को भी अपने कब्जे में रखवा लिया।फिलहाल तो महिला के थोड़ी चोट आई है।वहीं खबर लिखे जाने तक पीड़ित ने अब तक कोई भी शिकायती आवेदन थाने मे नही दिया है।

**नही थम रहा ओवरलोड वाहनों का दौड़ना,हो चुके कई हादसे**-नगर में दिन रात भारी व ओवरलोड वाहन इस कदर दौड़ते है कि अगर कोई इंसान या जानवर इनकी चपेट में आ जाये तो वह अपनी जान से हाथ धो बैठेगा।बीते माह पहले भी नगर में ऐसे कई हादसे हो चुके है परंतु थाना दबोह पुलिस द्वारा अब तक कोई कार्यवाही की गई।ऐसे में अगर नगर में दिन में भारी व ओवरलोड वाहनों के निकलने पर प्रतिबंध नही लगाया गया तो कभी भी बड़ा हादसा होने की आशंका है।फिलहाल तो नवागत थाना प्रभारी राजेश शर्मा ने आमजनता की अपील पर जल्द ही नगर में दिन में भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाने की बात कही है।

### इनका कहना

भारी वाहनों पर जल्द से जल्द शिकंजा कसा जाएगा।जिससे हादसे का हादसे का ग्राफ कम हो सके।

**राजेश शर्मा**
**थाना प्रभारी दबोह**



# बूथ विजय अभियान अंतर्गत विधायक उमाकांत शर्मा ने किया गांव-गांव संपर्क

## बूथ समिति एवं पन्ना प्रमुखों की ली बैठक

**अभिषेक कुशवाह**

**सिरोंज।** मंगलवार को देर शाम विधायक उमाकांत शर्मा ने भारतीय जनता पार्टी केन्द्र एवं मध्यप्रदेश के निर्देशानुसार चलाये जा रहे हैं बूथ विजय संकल्प अभियान अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी मण्डल देवपुर के मतदान केन्द्र ग्राम जैतपुर, अनूपपुर, रूसल्ला अभयराज, चौपनाकलां, प्यासी आदि मतदान केन्द्रों पर भाजपा के पन्ना प्रभारियों, बूथ समिति एवं प्रमुख कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की तथा प्रवासी कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय विस्तारकों के कार्यों की समीक्षा कर लाभार्थी संपर्क, युवा संपर्क, महिला संपर्क कर वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान किया तथा उनसे प्रधानमंत्री माननीय मोदी जी को पुनः प्रधानमंत्री बनाने एवं सागर संसदीय क्षेत्र से भाजपा की लोकप्रिय प्रत्याशी श्रीमती डॉ लता वानखेड़े जी को विजयी बनाने हेतु अपील की एवं केन्द्र एवं मध्यप्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रहीं जनहितकारी, जनकल्याणकारी योजनाओं के संबंध में भी चर्चा की। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष महेन्द्रसिंह दांगी, भाजपा मण्डल देवपुर के मण्डल अध्यक्ष झारसिंह दांगी सहित भाजपा के पदाधिकारियो के उक्त ग्रामों के प्रवासी कार्यकर्ता, स्थानीय विस्तारकगण एवं अपेक्षित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# विद्यार्थी धैर्य व आत्मविश्वास के साथ यूपीएससी परीक्षा की तैयारी में जुटेः डॉ. प्रकाश चौधरी

**दैनिक पुष्पाजंली टुडे**



दिल्ली । अखिल भारतीय सीरवी समाज, दिल्ली के द्वारा भारतीय प्रशासनिक सेवाओं की प्रतियोगी परीक्षाओं की दिल्ली में तैयारियां कर रहे 40 विद्यार्थियों में से 12 जरूरतमंद विध्यार्थियों के लिए दिल्ली के नेहरू विहार व इन्द्रा विहार में अस्थाई छात्रावास की व्यवस्था की गयीं है। यूपीएससी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे इन विद्यार्थीयों को मार्गदर्शन प्रदान करने व मनोबल बढाने के लिए डॉ. प्रकाश चौधरी काग आईएफएस भारतीय उच्चायुक्त, काहिरा ( मिश्र ) ने अस्थाई छात्रावास पहुंचकर सभी विद्यार्थियो से रुबरु होकर उनकी यूपीएससी परीक्षा को लेकर सभी को बिन्दुवार समझाते हुए व मार्गदर्शन प्रदान करते हुए उनका मनोबल बढाने का पूरा प्रयास किया और विद्यार्थियों से कहा कि वे धैर्य, आत्मविश्वास एवं लगन के साथ परीक्षा की पूरी तैयारी में लग जावे, आप परीक्षा में अवश्य सफल होगें। डॉ. प्रकाश का छात्रावास आगमन पर प्रबंधन द्वारा जोरदार तरीके से स्वागत किया गया। इस अवसर पर दिल्ली छात्रावास अभियान के समन्वयक, इंजी. गोपाराम पंवार सेवानिवृत्त अधीक्षण अभियंता ने दिल्ली छात्रावास अभियान के तहत अबतक की प्रगति से अवगत करवाया। डॉ. भंवरलाल काग, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, नई दिल्ली, इंजी. रूपाराम राठौड़ सेवानिवृत्त अधीक्षण अभियंता व संस्था के अध्यक्ष भंवरलाल परिहारिया भी इस अवसर पर उपस्थित रहे।

# प्रवासियों की उपस्थिति से बनता है भाजपा जीत का माहौलः भायल

**दैनिक पुष्पाजंली टुडे**



सूरत ः पाली जिला परिषद सदस्य पुनाराम भायल ने सूरत में भाजपा पार्टी के कार्यकर्ता एवम राजस्थान समाज वरिष्ठ जनों से मुलाकात की। पुनाराम भायल ने राजस्थानी प्रवासीयों को लोकसभा चुनाव में बढ़ चढ़ कर भाग लेने का निवेदन किया और पाली से पीपी चौधरी को भारी मतों से विजय बनाने के लिए अपील की। भायल ने कहा कि आज लगभग पूरे देश में डबल इंजन की सरकारें हैं। हमे भी विकास की राह पर आगे बढ़ना है तो मोदी के हाथ मजबूत करने होगे। राजस्थान में भाजपा की आंधी चल रही है, विधानसभा चुनाव के नतीजे उसके साक्षात उदाहरण है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने विकास की गंगा बहाई है और देश विकसित देश की राह पर अग्रसर है। देश के विकास में हम सभी का सहयोग चाहिए। और प्रवाशियों को अपने वोट की किमत को पहचानते हुए भाजपा प्रत्याशियों को वोट देना चाहिए। इस अवसर पर भाजपा पार्टी के पदाधिकारी बजरंग सिंह राजपुरोहित, सागर भाई देसाई,घीसुलाल एडवोकेट, भंवरलाल, हीराभाई राठौड़, छोगाराम, लाखाराम, हेमाराम भायल, राजेश काग, छगनलाल सैणचा, रूपाराम सोलंकी सहित अनेक भाजपा के पदाधिकारी उपस्थित थे

# शराब के अवैध परिवहन पर निगरानी के लिए उड़नदस्ता तैनात

रीवा(पुष्पांजली टुडे )।
लोकसभा निर्वाचन के दौरान शराब के अवैध परिवहन, भण्डारण एवं बिक्री पर निगरानी के लिए उ?नदस्ता तैनात किया गया है। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने सहायक आबकारी अधिकारी अखिलेश्वर सिंह को इसका प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया है। उ?नदस्ता में आबकारी उप निरीक्षक अभिमन्यु पाठक, सुश्री सबनम बेगम, अभिषेक त्रिपाठी, आशीष शुक्ला, मनोज कुमार बेलवंशी, सुश्री नेहा प्रजापति, सुश्री अदिति अग्रवाल तथा सुश्री वीणा पयासी को तैनात किया गया है। कलेक्टर ने उ?नदस्ता दल को पूरे जिले में लगातार लाइसेंसी मदिरा दुकानों तथा शराब के वेयर हाउसों की जाँच कर प्रतिदिन निर्धारित प्रपत्र में प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

# निर्वाचन आयोग के निर्देशों का पूरी तरह से पालन करते हुए मतदान कराने के कलेक्टर ने दिए निर्देश

रीवा(पुष्पांजली टुडे )।
लोकसभा चुनाव के लिए 26 अप्रैल को मतदान कराया जायेगा। मतदान के लिए तैनात मतदान कर्मियों को जिला मुख्यालय में 3 केन्द्रों में चुनाव के प्रथम चरण का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण टीआरएस कालेज, मॉडल साइंस कालेज तथा विधि महाविद्यालय के विभिन्न कक्षों में दिया जा रहा है। टीआरएस कालेज में आयोजित प्रशिक्षण में मतदान कर्मियों को निर्देशित करते हुए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने कहा कि पीठासीन अधिकारी तथा मतदान अधिकारी मतदान की महती जिम्मेदारी के लिए तैनात किए जा रहे है। चुनाव प्रशिक्षण में दी गई हर छोटी से छोटी जानकारी को मतदान कर्मी आत्मसात करें। प्रशिक्षण जितनी तन्मयता से प्राप्त किया जाएगा कार्य उतनी ही सुगंमता से होगा। निर्वाचन आयोग के निर्देशों का भलीभांति अध्ययन कर लें। मतदान प्रक्रिया के संबंध में किसी भी तरह की जिज्ञासा अथवा शंका हो तो उसका समाधान कर लें। मतदान कर्मियों को आयोग के निर्देशों के अनुसार समस्त सुविधाएं दी जायेगी। निर्भय होकर मतदान प्रक्रिया संचालित करें। कलेक्टर ने कहा कि आप में से अधिकांश व्यक्तियों ने विधानसभा चुनाव में मतदान कराया होगा। पुराने अनुभव के साथ नई जानकारियों को भी प्रशिक्षण में आत्मसात करें। ईव्हीएम मशीन के संचालन में पूरी कुशलता प्राप्त कर लें। निर्वाचन कार्य की छोटी सी भूल से बहुत बड़ी समस्या हो जाती है। विधानसभा चुनाव के दौरान आठ पीठासीन अधिकारियों ने मॉकपोल के बाद ईव्हीम का डाटा क्लियर किए बिना मतदान कराया। आयोग के निर्देशों के अनुसार उन्हें निलंबित कर विभागीय जाँच की कार्यवाही की जा रही है। ऐसी स्थिति लोकसभा में निर्मित न हो इसका ध्यान रखें। मतपत्र लेखा पूरी सावधानी से तैयार करें। ईव्हीएम के एड्रेस टैग के नम्बर नोट कर बीयू के एड्रेस टैग से बीयू की और सीयू के एड्रेस टैग से सीयू की सीलिंग करें। मतदान के दौरान भी बीच-बीच में मतदाता



रजिस्टर में दर्ज मतदाताओं की संख्या तथा ईव्हीएम में टोटल के बाद दर्शायी संख्या का मिलान करते रहें। कलेक्टर ने कहा कि सभी मतदान कर्मी मास्टर ट्रेनरों द्वारा दिए गए प्रशिक्षण पर पूरा ध्यान दें। मतदान केन्द्र की व्यवस्था, वोटिंग मशीन के संचालन, माकपोल, मत पत्र लेखा तैयार करने, प्रपत्र 16 की जानकारी तैयार करने तथा मतदान केन्द्र में कानून और व्यवस्था बनाए रखने के संबंध में पूरी दक्षता प्राप्त कर लें। पूरी निष्पक्षता और निडरता के साथ मतदान सम्पन्न कराएं। प्रशिक्षण में किसी तरह की लापरवाही सहन नही की जाएगी। मतदान सामग्री प्राप्त करने से लेकर मतदान सामग्री जमा करने तक की अवधि में सभी मतदान कर्मी पूरी जिम्मेदारी से कार्य करें। पीठासीन अधिकारी को मतदान केन्द्र में अपने दल का आगे बड़कर नैतृत्व करना है। केन्द्र की सभी व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करें। पीठासीन अधिकारी को निर्वाचन आयोग द्वारा सभी तरह के वैधानिक अधिकार दिए गए हैं। मतदान में किसी तरह की कठिनाई आने पर मौके में पीठासीन अधिकारी को ही निर्णय लेना होगा। इसलिए प्रशिक्षण में दी जा रही सभी जानकारियों तथा निर्वाचन आयोग के निर्देशों का पूरी तरह से पालन करें। मतदान कर्मियों को निर्देश देते हुए जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. सौरभ सोनवणे ने कहा कि सभी मतदान कर्मी मतदान केन्द्र की व्यवस्थाओं के संबंध में सभी निर्देशों का अध्ययन कर लें। वास्तविक मतदान से पहले माकपोल कराना अनिवार्य होगा। निर्धारित प्रपत्र में हर दो घंटे में मतदान प्रतिशत की जानकारी मोबाइल एप के माध्यम से देनी होगी। मतदान केन्द्र में मतदाताओं के अलावा केवल प्राधिकार पत्र प्राप्त व्यक्तियों को ही प्रवेश दें। प्रशिक्षण के नोडल अधिकारी डॉ. अमरजीत सिंह तथा मास्टर ट्रेनरों ने मतदान केन्द्रों की व्यवस्था, मतदान प्रक्रिया, मतपत्र लेखा तैयार करने, मशीनों की सीलिंग, माकपोल, टेण्डर वोट तथा निर्वाचन की समस्त प्रक्रियों की जानकारी दी गयी। सभी मतदान कर्मियों से ईव्हीएम के अलग-अलग भागों को कनेक्ट करने तथा संचालन का भी अभ्यास कराया गया।

# विभिन्न कार्यालयों में ली गई मतदाता जागरूकता की शपथ



रीवा(पुष्पांजली टुडे )।
लोकसभा निर्वाचन में सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को मताधिकार के उपयोग के लिए प्रेरित किया जा रहा है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल के निर्देशों के अनुसार जिले के सभी शासकीय कार्यालयों में प्रातः 11 बजे मतदाता जागरूकता की शपथ ली गई। कलेक्ट्रेट परिसर में मतदाता जागरूकता के नोडल अधिकारी आशीष द्विवेदी ने अधिकारियों और कर्मचारियों को शपथ दिलाई। अनुविभागीय कार्यालय में एसडीएम हुजूर वैशाली जैन ने मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई। संभागीय जनसंपर्क कार्यालय, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, उप संचालक कृषि कार्यालय,




महिला एवं बाल विकास कार्यालय, आदिमजाति कल्याण विभाग, सामाजिक न्याय विभाग, निर्वाचन कार्यालय, रेडक्रास सोसायटी, एसडीएम त्योंथर, एसडीएम मनगवां, एसडीएम सिरमौर कार्यालय, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कार्यालय, परिवहन कार्यालय, डीएफओ कार्यालय, तहसील गुढ़ कार्यालय, मॉडल साइंस कालेज, गोविंदगढ़ा महाविद्यालय सहित विभिन्न कार्यालयों में मतदाता जागरूकता की शपथ ली गई। अधिकारियों-कर्मचारियों ने देश के लोकतांत्रिक मर्यादा को बनाए रखने, स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखने तथा निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अथवा अन्य किसी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना निर्वाचन में अपना मताधिकर करने की शपथ ली।

# आरती डांस एकाडमी का हुआ लोकार्पण

रीवा(पुष्पांजली टुडे)
।समाजिक सरोकार के छेत्र मे अग्रणी संस्था विप्र सेवा फाउंडेशन द्वारा आज सांस्कृतिक कार्यक्रमो को बढ़ावा देने के लिए राजपूत गन सर्बिस के सामने पद्मधर कालोनी मे सादे समारोह के साथ ÷आरती डांस एकेडमी÷ का लोकार्पण राजीव शुक्ला द्वारा किया गया जिसमें कॉम्पिटेटिव स्तर पर डांस, जुंबा, क्लासिकल,गरबा, वेडिंग, कथक हिपहोप, योगा आदि किड्स और महिलाओ को सिखाया जायेगा समय-समय पर प्रतियोगिताएं भी कराई जाएगी चयनित प्रतिभागियों को जिला स्तरीय, संभाग स्तरीय, प्रदेश स्तरीय कार्यक्रमो में मौका मिलेगा,
÷आरती डांस एकेडमी÷ में उच्च स्तर के डांस मास्टर उपलब्ध रहेंगे जो बच्चों और महिलाओं को प्रशिक्षण देंगे. लोकार्पण कार्यक्रम मे विप्र सेवा फाउंडेशन के चेयरमैन अध्यक्ष राजीव शुक्ला, आरती अग्निहोत्री, ऋषिभ सिंह, हर्ष सिंह, रविशंकर अग्निहोत्री, सुशीला अग्निहोत्री, आदि लोग उपस्थित रहे




# आगामी लोकसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए गुड़ पुलिस द्वारा मुख्य मार्ग अंतरजिला नाका चेक पोस्ट पर की जा रही सघन वाहन चेकिंग

रीवा(पुष्पांजली टुडे)।
लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लागू हो गई है इसी के साथ पुलिस भी सख्त नजर आ रही है दूसरे राज्यों एवं जिले की सीमा में दाखिल हो रहे वाहनों की शक्ति से जांच करने चेकपोस्ट पर विशेष अभियान चलाया जा रहा है इसी के साथ गुड़ थाना अंतर्गत सोलर पावर प्लांट बदवार के समीप नेशनल हाईवे 39 रीवा सीधी रोड चेकपोस्ट में मंगलवार की शाम गुड़ थाना प्रभारी निरीक्षक हरिशंकर तिवारी के नेतृत्व में वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया रीवा से सीधी जाने वाले एवं सीधी से रीवा आने वाले वाले चार पहिया वाहन दो पहिया वहां के कागजात हेलमेट डिग्गी चालक व सवार व्यक्ति की तलाशी ली गई थाना प्रभारी ने बताया कि लोकसभा चुनाव को लेकर सघन वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है इस मौके पर गुड़ थाना पुलिस के आरक्षक जयवीर सिंह मनोज निनामा सहित कई पुलिस बल मौजूद रहे।



# फ़र्ज़ी निकला काव्याधाकड़ का अपहरण मामला ,विदेश जाने के लिए रचा गया था पूरा खेल

## कोटा पुलिस की एसपी अमृता दुहन ने किया खुलासा

अनिल कुशवाह
पुष्पांजलि टुडे
शिवपुरी-राजस्थान के कोटा मैं नीट की छात्रा के किडनैप के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। कोटा पुलिस अधीक्षक अमृता दुहन ने बताया कि छात्रा ने दोस्तों के साथ मिलकर ही साजिश रची थी।दोस्तो ने लड़की के पिता के वॉट्सऐप नंबर पर किडनैप की जानकारी दी थी। लड़की की फोटो भी भेजी थी। फोटो में लड़की के हाथ-पैर और मुंह बंधे हुए थे। छात्रा को छोड़ने के एवज में 30 लाख रुपए की फिरौती मांगी गई थी। लड़की मध्य प्रदेश के शिवपुरी जिले की बैराड़ तहसील की रहने वाली है।कोटा में नीट की तैयारी कर रही काव्या धाकड़



(20) के अपहरण का मामला सोमवार को सामने आया था। वह मूल रूप से शिवपुरी (म्प्र) के बैराड़ की रहने वाली है। किडनैपर ने छात्रा के पिता रघुवीर धाकड़ को मैसेज कर फोटो भेजा था।ड़ोटो में छात्रा को रस्सी से हाथ और मुह बांधा हुआ था। ड़ोटो छात्रा के पिता की व्हाट्सएप पर भेज कर 30 लाख रुपए की फिरौती मांगी थी। फिरौती कम नहीं देने पर छात्रा को जान से मारने की धमकी दी थी। इसके बाद छात्रा के पिता कोटा आए और थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई। छात्रा की मां भी कोटा आई। पुलिस ने दोनों के बयान लेकर जांच शुरू की, इसके बाद हर सवाल पर एक सवाल खड़ा हो गया।छात्र और उसके एक दोस्त की तलाश एसपी अमृता दुहन ने बताया कि छात्रा 3 अगस्त 2023 को अपनी मां के साथ कोटा आई थी। लेकिन वह कोटा मैं तीन दिन रही उस के बाद वह इंदौर बापिस चली गई जहाँ वह अपने दो दोस्तों के साथ रह रही थी जिसका ओट छात्रा के परिजनों को भी नही था पुलिस अधीक्षक कोटा ने बताया कि उन्होंने मामले में हर फैक्ट को चेक करने के बाद क्लियर हो गया है कि छात्रा के साथ किसी तरह की कोई वारदात नहीं हुई है। छात्रा अपने दो दोस्तों के साथ थी। छात्रा और उसका एक दोस्त पुलिस को नहीं मिल छात्रा और उसके दोस्त से अपील की है कि वह जहां कही भी हो नजदीकी थाने से संपर्क करें।

# हत्या के आरोपी को 10 साल का साश्रम कारावास

राकेश परिहार पिछोर
9691338626
पिछोर 20 मार्च- अतिरिक्त अपर सत्र न्यायाधीश पिछोर हरि ओम अतलसिया ने हत्या के आरोपी को साश्रम10 साल की सजा सुनाई है अभियोजन के अनुसार मामला इस प्रकार है की दिनांक 11. 8. 2021 को रात्रि करीब 10ः00 बजे फरियादी छोटेलाल गांव से घर जा रहा था जब वह रास्ते में अभियुक्त भरत लोधी के घर के सामने पहुंचा तो अभियुक्त भारत लोधी उसे पुरानी रंजिश पर बुरी बुरी गालियां देने लगा जब फरियादी ने गाली देने से मना किया तो भरत सिंह ने एक लाठी मारी जो सिर के ऊपर लगी जिसे चोट होकर खून निकल आया मौके पर मनीराम लोधी तथा राम प्रसाद लोधी थे जिन्होंने घटना देखी और बीच बचाव किया फरियादी द्वारा दी गई सूचना पर बामोर कला थाने में प्रथम रिपोर्ट 163/21 अंतर्गत धारा 294,323,324,506,34, भा. द.ज



# थाना सिरसौद पुलिस द्वारा किये गये दो स्थाई वारंटी गिरफ्तार ।




अनिल कुशवाहा
पुष्पांजलि टुडे
शिवपुरी- पुलिस अधीक्षक महोदय जिला शिवपुरी श्री अमन सिंह राठौड द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए स्थाई वारंट तामील कराये जाने हेतु एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री संजीव मूले एंव एसडीओपी महोदय पोहरी सुजीत सिह भदौरिया के मार्ग निर्देशन में स्थाई वारंटियों की धरपकड़ के क्रम में थाना प्रभारी सिरसौद उनि. मुकेश दुवोलिया की टीम द्वारा आज दिनांक 20.03.24 को माननीय न्यायालय शिवपुरी के प्रकरण क्रमांक 270/18 के स्थाई वारंटी लल्लू उर्फ दखनलाल पुत्र रामदयाल रावत उम्र 28 साल निवासी ग्राम टोंगरा थाना सिरसौद व प्रकरण क्र.531/19 के स्थाई बारंटी भूरासिह पुत्र पूरनसिह सिक्ख निवासी कुवंरपुर को गिरफ्तार किया गया ।

# मतदाताओं को जागरूक करने के लिये दिलाई शपथ



दमोह। जिले में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से स्वीप अभियान के तहत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत रोजाना विभिन्न गतिविधियों का लगातार आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान में समाज के हर वर्ग की भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है, इसके लिए समाजसेवी संस्था बुंदेलखंड नव निर्माण एवं युवा जन कल्याण समिति के द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में पंचायत वार मतदाताओं को जागरूक करने के लिये जागरूकता अभियान किये जा रहे हैं। इसी क्रम में आज कादीपुर ग्राम में स्वीप अभियान के अंतर्गत मतदाताओ को जागरूक एवं मतदाता को मतदान करने हेतु शपथ दिलायी गई। इस अवसर पर अंकित बसेडिया, अमोल पटेल, ताराचंद पटेल के अलावा ग्रामीण जानो की उपस्थिति रही।

# थाना करैरा पुलिस द्वारा अवैध शराब 30 पेटी देशी प्लेन, 20 पेटी पावर कूल बीयर, 250 लीटर हाथ भट्टी की कच्ची शराब एवं एक अपाचे कम्पनी की मोटर सायकिल सहित दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

राकेश परिहार पिछोर
9691338626
पुलिस अधीक्षक महोदय श्री अमन सिंह राठौड जी के द्वारा जिले में लोकसभा चुनाव को मद्देनजर रखते हुए अवैध मादक पदार्थ जुआ सट्टा, अवैध हथियार, अवैध खनन परिवहन, अवैध शराव की धरपकड़ अभियान के तहत जीरो टालरेन्स अपनाने के निर्देश दिये गये उक्त निर्देश के पालन मे श्रीमान अति0 पुलिस अधीक्षक श्री संजीव मुले जी के निर्देशन एवं श्रीमान एस.डी.ओ.पी. महोदय श्री शिवनारायण मुकाती के मार्गदर्शन में आज दिनांक 20.03.2024 की शाम को करैरा पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम फतेहपुर का उज्जैन कंजर अपने एक अन्य साथी के साथ कंजर डेरा ग्राम फतेहपुर में अपने घर पर भारी मात्रा में अवैध शराब रखकर विक्रय कर रहा है । मुखबिर की सूचना पर थाना करैरा व चौकी सुनारी के बल के साथ सूचना की तस्दीक हेतु ग्राम फतेहपुर कंजर डेरा पर उज्जैन कंजर के घर पर पहुचे तो पुलिस को देखकर दो व्यक्ति घर में से निकल कर भागने लगे जिन्हे हमराही बल की मदद से घेर कर पकडा नाम पता पूछा तो पहले व्यक्ति ने अपना नाम उज्जैन कंजर पुत्र गिरवर कंजर उम्र 40 साल नि0 ग्राम फतेहपुर तथा दूसरे ने अपना नाम राजू कंजर पुत्र रमेश कंजर उम्र 25 साल नि0 ग्राम फतेहपुर का होना बताया, आरोपियों के घर की तलाशी ली तो उनके घर में 30 पेटी देशी प्लेन शराब प्रत्येक पेटी में 50-50 क्वाटर, प्रत्येक क्वाटर में 180 एमएल कुल 270 लीटर, 20 पेटी पावर कूल कम्पनी की बीयर प्रत्येक पेटी में 12-12 बोतल, प्रत्येक बोतल में 650 एमएल कुल 156 लीटर, प्लास्टिक की पांच कैनो में 50-50 लीटर कुल करीब 250 लीटर हाथ भट्टी से बनी कच्ची शराब, एक टीव्हीएस अपाचे मोटर सायकिल बिना नम्बर रखी मिली उक्त शराब को विधिवत जप्त किया गया है तथा दोनो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है । आरोपीगणो के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर आरोपीगणो से शराब के संबंध में पूछताछ की जा रही है।




पूर्व आपराधिक रिकार्ड- आरोपी उज्जैन कंजर के विरूद्ध पूर्व में थाना करैरा पर अप.क्र. 700/23 धारा 34(2) आबकारी एक्ट एवं अप.क्र. 510/19 धारा 323,294,506,34 भादवि के पंजीबद्ध होकर प्रकरण में चालान किये गये है ।

**बरामद माल–**

01. 30 पेटी देशी प्लेन शराब प्रत्येक पेटी में 50-50 क्वाटर, प्रत्येक क्वाटर में 180 एमएल कुल 270 लीटर
कीमती 01 लाख 50 हजार रुपये
02. 20 पेटी पावर कूल कम्पनी की बीयर प्रत्येक पेटी में 12-12 बोतल, प्रत्येक बोतल में 650 एमएल कुल 156 लीटर
कीमती 01 लाख रुपये
03. प्लास्टिक की पांच कैनो में 50-50 लीटर कुल करीब 250 लीटर हाथ भट्टी से बनी कच्ची शराब
कीमती 01 लाख रुपये
04. एक टीव्हीएस अपाचे मोटर सायकिल बिना नम्बर की
कीमती 01 लाख 50 हजार रुपये
कुल माल मशरूका कीमती 05 लाख रुपये

उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी निरी0 सुरेश शर्मा, उनि के0पी0 शर्मा, चौकी प्रभारी सुनारी उनि योगेन्द्र सिंह सेंगर, उनि बी0आर0 पुरोहित, आर0 866 गजेन्द्र रावत, आर0 506 लवकेश यादव, आर0 59 रविन्द्र तिवारी, आर0 319 चन्द्रशेखर मीणा, आर0 1073 अनूप कुमार, आर0 688 आलोक जैन, आर0 965 राधेश्याम जादौन, आर0 338 हरेन्द्र गुर्जर, आर0 1011 संदीप सिंह चौहान, आर0 900 विकास भारद्वाज, ह्रक्र मनमोहन तोमर की विशेष भूमिका रही।



## ओरी का नेपोटिज्स और नेपो बेबीज पर दो टूक जवाब

इंटरनेट सेंसेशन ओरी, जिनका पूरा नाम ओरहान अवात्रामणि है। उनकी दोस्ती बॉलीवुड के स्टार किड्स के साथ देखी जाती है। वह एक्टर्स के साथ भी पोज देते हैं और अच्छा बॉन्ड शेयर करते हैं। अब एक इवेंट में वह पहुंचे और वहां, उन्होंने नेपोटिज्म पर खुलकर बात की। इस दौरान उन्होने शाहरुख खान से लेकर कार्तिक आर्यन तक के बच्चों का भी जिक्र किया। ओरी ने ना सिर्फ ये बताया कि वह इंटरनेट पर कैसे फेमस हो गए। बल्कि नेपोटिज्म पर भी अपनी राय रखी। इतना ही नही, वह अगली बार किसके साथ फोटो क्लिक करवाना चाहेंगे, इसका भी खुलासा किया। जैसा कि ये बात सभी जानते हैं कि ओरी की दोस्ती नीसा देवगन और जान्हवी कपूर के अलावा दूसरे एक्टर्स से भी है। इसमें शनाया कपूर, खुशी कपूर और सुहाना खान का नाम शामिल है।

अब जब उनसे नेपो बेबीज और नेपोटिज्म के बारे में सवाल किया गया, तो उन्होंने कहा, इन शब्दों का एकदम नेगेटिव मतलब निकाला गया है। अगर आप उस कॉलेज में जाते हैं, जहां आपके माता-पिता गए थे। तो आपको वहां प्राथमिकता दी जाती है और आपको लेगेसी चाइल्ड कहा जाता है। स्कूल-कॉलेज में आपके साथ अच्छा बर्ताव किया जाता है। लेगेसी चाइल्ड के लिए दरवाजे आसानी से खुल जाते हैं क्योंकि उनके माता-पिता ने उन दरवाजों को खुलवाने के लिए कड़ी मेहनत की है।

### कार्तिक आर्यन के बच्चों के बारे में ओरी

ओरी ने आगे कहा, और भला मैं ऐसा क्यों नही चाहूंगा? क्या कार्तिक आर्यन की मेहनत का फायदा उनके बच्चों को नही मिलना चाहिए? क्या शाहरुख खान की मेहनत का फायदा उनके बच्चों को नही मिलना चाहिए? कोई भी व्यक्ति इंटरनल सोर्स की तरह पैदा नही होता है। ऐसे माता-पिता होंगे, जिन्होंने इसके लिए कड़ी मेहनत की है। सभी बॉलीवुड स्टार्स, अंबानी परिवार और रिहाना समेत अन्य के साथ फोटो क्लिक करा चुके ओरी ने आगे कहा कि अब वह प्रधानमंत्री मोदी के साथ पिक्चर लेना चाहते हैं।



## घरवाले पूछते थे तू हीरोइन बन जाएगी, तो तुझसे शादी कौन करेगा?

परिवार के कड़े विरोध के बावजूद शिमला से मुंबई एक्ट्रेस बनने का सपना लेकर आई प्रतिभा रांटा को आखिरकार टीवी और ओटीटी के बाद फिल्म में मौका मिला। प्रतिभा इस वक्त लेटेस्ट रिलीज फिल्म लापता लेडीज में अपनी परफॉर्मेंस के लिए तारीफ बटोर रही हैं। किरण राव के निर्देशन में बनी इस फिल्म में प्रतिभा रांटा का दमदार रोल है। हाल ही बातचीत में प्रतिभा रांटा ने बात की।

### लापता लेडीज में आपको मौका कैसे मिला?

मैंने लापता लेडीज के लिए ऑडिशन दिया था। पहले ऑडिशन के बाद मुझे दूसरे ऑडिशन के लिए आमिर खान सर के ऑफिस बुलाया गया। जब मैं यहां आई, तो आमिर सर भी थे। मैं आपको बता नहीं सकती कि वो कितना कमाल का अनुभव था? मैं बहुत नर्वस थी। असल में मैं दंगल के समय से उन्हें अपना मेंटॉर मानती आई हूं, तो मेरे लिए वो किसी फैन मोमेंट से कम न था। मगर आमिर सर ने मुझे महसूस ही नहीं होने दिया कि मैं एक न्यूकमर हूं और उनके ऑफिस में बैठी हूं। उन्होंने मुझे ऐसे जताया जैसे हम क्रिएटिव कोलाब्रेशन के लिए मिले हैं। उन्होंने मुझसे मेरे बारे में कई सवाल किए। मेरी नर्वसनेस दूर हुई और जब मेरा ऑडिशन हुआ, तो वो भी इतना सहज और अच्छा रहा। मैं जब घर पहुंची, तो मुझे इनके ऑफिस से कॉल आ गया।

### आपकी फिल्म महिला मुद्दों पर आधारित है, आपको महिलाओं को लेकर सबसे ज्यादा कौन-सी बात परेशान करती है?

महिलाओं को लेकर मुझे जो बात सबसे ज्यादा परेशान करती है, वो यह है कि उन्हें अपनी जिंदगी के निर्णय लेने का अधिकार नहीं होता। उन्हें सेल्फ लव के बारे में सोचने का हक नहीं दिया जाता। मैं अपनी जिंदगी से जुड़े अहम फैसलों पर अपना नियंत्रण रखना चाहूंगी। हर लड़की जब बालिग हो जाती है, कानूनी रूप से 18 साल की हो जाती है, तब उसे अपने फैसले लेने का अधिकार होना चाहिए। आप जब खुद के फैसले लेते हैं, तब उन्हें निभाने का हौसला भी आप रखते है।

### किन हीरोज की हीरोइन बनने की इच्छुक हैं?

रणबीर कपूर और रणवीर सिंह दोनों ही कलाकारों के साथ स्क्रीन शेयर करना चाहूंगी। रणबीर कपूर उम्दा एक्टर है, तो रणवीर सिंह की एनर्जी कमाल की है। मेरी एनर्जी को देखते हुए अक्सर मेरे साथी कलाकार कहते हैं कि मैं फीमेल वर्जन हूं रणवीर सिंह का। मैं सोचती हूं, अगर हम दोनों साथ काम करेंगे, तो कितना मजा आएगा।

### क्या आप हमेशा से हीरोइन बनना चाहती थीं?

मैं हिमाचल से हूं। मेरे घर में सभी कलाकार नेचर के हैं, मगर कभी किसी ने ये नही सोचा कि इस क्षेत्र में भी करियर बनाया जा सकता है। मेरी दिलचस्पी हमेशा से एंटरटेनमेंट फील्ड में थी और मेरे घरवालों ने भी मुझे डांस के लिए इंस्पायर भी खूब किया। जहां भी थिएटर या कुछ क्रिएटिव करने का मौका मिलता, मैं जरूर हिस्सा लेती थी, मगर मेरे घरवालों ने इसे हमेशा शौक तक सीमित रखा कि बच्ची है, इसका नाचने-गाने का शौक पूरा करो। चाहे वो स्कूल ट्रिप्स हों या इंटरनेशनल ट्रिप हों, मुझे हर जगह भेजा गया। मगर जब करियर की बात आई, तो निल बटा सन्नाटा ! घर वाले पूछते, तू हीरोइन बन जाएगी, तो तुझसे शादी कौन करेगा? हमारे पहाड़ में तो तुझसे कोई शादी करेगा ही नहीं, क्योंकि कल्चर ही नहीं है। हमारे पहाड़ में जब लड़की पैदा होती है, तो बचपन से ही उसकी शादी के लिए सोना खरीदा जाता है। पैसे जमा किए जाते हैं। उनकी ना मेरी लाइफ का सबसे बड़ा रिजेक्शन था। मगर मैंने अपने घर वालों से साफ कह दिया था कि मैं खुद को एक्टिंग के क्षेत्र में ही देखती हूं।



## करिश्मा ने बताया मर्डर मुबारक में काम करने का अनुभव, होमी अदजानिया ने की अभिनेत्री की तारीफ

मल्टीस्टारर मिस्ट्री थ्रिलर सीरीज मर्डर मुबारक आखिरकार 15 मार्च को ओटीटी पर रिलीज हो चुकी है। फिल्म में करिश्मा कपूर, सारा अली खान, पंकज त्रिपाठी और विजय वर्मा मुख्य भूमिकाओं में नजर आए। सभी कलाकारों की अदाकारी को फैंस ने खूब पसंद किया। वहीं अब, फिल्म में शामिल होने पर करिश्मा कपूर ने खुलकर बात की और अपना अनुभव भी साझा किया।

### होमी-करिश्मा का तालमेल

हाल ही में दिए साक्षात्कार में करिश्मा कपूर ने उन दिलचस्प बातों का खुलासा किया, जिन्होंने उन्हें फिल्म की ओर आकर्षित किया। इसके साथ ही निर्देशक होमी अदजानिया ने उनके प्रदर्शन की प्रशंसा की। निर्देशक होमी अदजानिया ने मर्डर मुबारक के लिए कास्टिंग की प्रक्रिया पर चर्चा करते हुए करिश्मा कपूर की प्रतिभा की तारीफ की।

### फिल्म में ऐसे हुई करिश्मा की एंट्री

होमी अदजानिया ने कहा कि जैसे ही मैंने सभी विचारों पर गौर किया तो लोलो यानी करिश्मा की छवियों ने मेरा ध्यान खींचा और मैं हैरान रह गया। वे समझदार स्वभाव की हैं और मैंने शुरू में उन पर विचार नही किया था। हालांकि, मुझे तुरंत लगा कि वे शेहनाज नूरानी की भूमिका के लिए बिल्कुल ठीक होंगी।

### हम साथ साथ हैं से की तुलना

वहीं करिश्मा कपूर ने भी फिल्म में काम करने का अपना अनुभव साझा किया। फिल्म में अपनी भूमिका पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास नही होता कि मैंने पहले कभी इतना अनोखा और सनकी किरदार निभाया है। होमी उस विशेष स्थान और शैली से अच्छी तरह वाकिफ हैं और उनके खास दृष्टिकोण ने मुझे इस फिल्म में काम करने के लिए आकर्षित किया। इसके अलावा ऐसे प्रतिभाशाली कलाकारों के साथ काम करना मेरे लिए रोमांचक था। हम साथ साथ हैं के बाद मैं इसे अपनी महत्वपूर्ण सामूहिक फिल्म मानती हूं।

## करीना कपूर ने टॉक्सिक से जुड़ने की खबर पर लगाई मुहर?

ऐसी अफवाह है कि करीना कपूर, यश की आगामी फिल्म टॉक्सिक में उनके साथ शामिल हो सकती है, जो कन्नड़ सिनेमा में उनकी संभावित शुरुआत है। यश, जिन्होंने पिछले साल इस परियोजना की घोषणा की थी और दिसंबर में इसके टाइटल से पर्दा उठाया था। फिल्म की स्टारकास्ट पर डिटेल अभी गुप्त रखी गई है। हालांकि, करीना की हालिया टिप्पणी से फिल्म में उनके शामिल होने की अटकलों को हवा मिली है। करीना कपूर ने एक फैन से बातचीत के दौरान उत्साह व्यक्त किया, और फैंस को एक बिग बजट साउथ फिल्म में अपने पहले प्रयास के बारे में बताया। करीना कपूर का यह वीडियो सोशल मीडिया पर छाया हुआ है। वहीं इस क्लिप को कैप्शन दिया गया है, तो मुझे लगता है कि यश के साथ करीना की फिल्म पक्की है। उन्होंने कल अपने फैंस के साथ जूम मीटिंग में यह बात कही। क्लिप में करीना कपूर कहती नजर आ रही हैं, अब, जैसा कि मैंने कहा, मैं एक बहुत बड़ी साउथ फिल्म कर सकती हूं। अब यह संपूर्ण भारत जैसा है, इसलिए मुझे नहीं पता कि मैं कहां शूटिंग करूंगी, लेकिन मैं अपने सभी फैंस को यह बताने के लिए उत्साहित हूं। करीना कपूर के इस बयान से फैंस कयास लगा रहे हैं कि वह यश के साथ उनकी आगामी फिल्म टॉक्सिक में नजर आएंगी।



## साइबर क्राइम की रियल लाइफ स्टोरीज पर बनी है फतेह, खतरनाक किरदार में सोनू



सोनू सूद की मच अवेटेड फिल्म 'फतेह' का आज शनिवार (16 मार्च) को टीजर रिलीज हो गया है। इससे पता चलता है कि सोनू फिल्म में कितना खौफनाक रोल करने जा रहे हैं। इसके निर्देशक भी सोनू हैं। सोनू ने शुक्रवार को फिल्म से एक पोस्टर रिलीज कर टीजर की रिलीज डेट का खुलासा किया था। अब सोनू ने आज सुबह टीजर आउट कर दिया। सोनू की एक्शन ड्रामा फिल्म का टीजर 1.40 मिनट का है। इसकी शुरूआत इस वॉयस ओवर से होती है कि फतेह तुमने 40... इतने में फतेह के रोल में दिख रहे सोनू बोलते हैं...40 नहीं 50... इसके बाद सोनू एक-एक कर बदमाशों को शूट करते नजर आ रहे हैं। टीजर के साथ सोनू ने जानकारी दी कि फिल्म इसी साल रिलीज होगी, लेकिन इसकी रिलीज डेट का खुलासा नही किया। फिल्म में सोनू के अपोजिट एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडिज रहेंगी। 'फतेह' में शिवज्योति राजपूत, विजय राज के भी अहम रोल है। साइबर क्राइम की रियल लाइफ स्टोरीज पर बनी इस फिल्म की शूटिंग बहुत पहले पूरी हो गई। फिल्म की टैगलाइन 'नेवर अंडरएस्टिमेट ए नोबडी' सबसे अलग है, जो वास्तव में सोनू की यात्रा को भी दर्शाता है। सोनाली सूद/शक्ति सागर प्रोडक्शन्स और जी स्टूडियोज द्वारा निर्मित फिल्म सोनू की डायरेक्टोरीयल डेब्यू है।

## कुमकुम भाग्य ने मुझे ऊंचाइयों तक पहुंचाया, 20 साल के लड़के के बाद अब 55 साल का रोल निभा रहा हूं

जाने माने ऐक्टर कृष्णा कौल ने ऑल वुमन बाइक रैली में पहुंचकर महिलाओं का हौसला बढ़ाया। शो कुमकुम भाग्य से अपनी पहचान बनाने वाले कृष्णा महिला सशक्तीकरण से जुड़ी इस पहल का हिस्सा बनकर बेहद खुश थे। उन्होंने खास बातचीत की -

**आपके शो कुमकुम भाग्य का किरदार महिला सशक्तिकरण से कितना इत्तेफाक रखता है? आप खुद को इससे कितना जोड़कर देख पाते हैं?**

शो में मेरा किरदार महिलाओं के साथ इस तरह मिलाजुला था कि मेरे जीवन में जो भी घटित होता है, उसका ताल्लुक कहीं ना कहीं किसी महिला से जुड़ा होता है। चाहे फिर वह शुरुआत में मेरे किरदार के लिए जिसने मां का किरदार अदा किया, शो में एक प्यार करने वाली पत्नी का रोल हो या फिर अब बेटी का किरदार हो। शो में मेरा रोल हर महिला कलाकार के साथ पूरा तालमेल बनाकर चलता है। मैंने शो में सभी महिलाओं के साथ सहज महसूस किया। सभी बहुत अच्छी और विनम्र हैं। वे हर दिन मुझे एक बेहतर इंसान बनना सिखाती हैं।

**आपके मुताबिक टीवी शो लोगों की सोच पर कितना प्रभाव डालते हैं?**

मुझे लगता है कि टीवी शो दर्शकों की मानसिकता को बनाने में बड़ा रोल अदा करते हैं। हम अपने टीवी शो पर कैसे एक महिला को बतौर लीड हीरो कैसे प्रस्तुत करते है, यह भी महत्व रखता है। अब शो में सिर्फ सामान्य चीजें करने या घर पर बैठने वाली महिला का रोल देखकर दर्शक खुश नही होते है। आज महिलाएं हीरो की तुलना में ज्यादा मेहनत करती हैं, वे लोगों को बचाती हैं। एक सशक्त किरदार में होती हैं और लोगों के लिए प्रेरणा देने वाले आइडल वुमन के किरदार अदा कर रही हैं। मैं छोटे पर्दे पर महिलाओं को इन किरदारों को देखकर बहुत प्रभावित हूं। वे अपने काम से पूरी दुनिया और समाज में अपनी छाप छोड़ रही हैं और बदलाव को आगे बढ़ा रही हैं।

**कुमकुम भाग्य का हिस्सा बनकर बतौर ऐक्टर आपकी जिंदगी में क्या बदलाव आया?**

शो ने बतौर ऐक्टर तो मुझे एक शेप दी ही है, साथ ही एक व्यक्ति के तौर पर मुझमें बहुत बदलाव किए है। मैं इस मामले में कुमकुम भाग्य शो को धन्यवाद कहना चाहूंगा, जिसने मुझे इतने अच्छे कलाकारों से मिलने और काम करने का मौका दिया। शो में काम करके तो मुझे मजा आया ही साथ इस शो ने मुझे जिंदगी की ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। निजी तौर पर मैं महसूस करता हूं कि कुमकुम भाग्य एक ऐसा शो है, जिसमें मेरी शुरुआत एक 20 साल के लड़के के रोल में हुई थी और आज मैं शो में एक 55 साल के व्यक्ति का किरदार निभा रहा हूं, तो मेरी जर्नी काफी अच्छी रही है।

**क्या आप मानते हैं ओटीटी के आने के बाद सीरियल्स की पहुंच ज्यादा दर्शकों तक हो गई है?**

बिलकुल कई तरह से ऐसा हुआ है। जैसे आज इंटरनेट की पहुंच हर व्यक्ति तक है और यह बहुत ही अच्छी चीज है। जैसे इंटरनेशनल और नेशनल आर्ट आज हर किसी की पहुंच में आज है। मुझे लगता है कि जी5 ने इसमें एक अहम भूमिका निभाई है। एक ऐसी जगह है, जहां आप तरह-तरह का कॉन्टेंट पाते हैं। मुझे नहीं लगता है कि कोई एक जोनर है बल्कि ए टू जेड तक हर जोनर का कॉन्टेंट मौजूद है, जो लोगों को अट्रैक्ट करता है। ये प्लेटफॉर्म लोगों के लिए आसानी से उपलब्ध है और लोगों को एंटरटेन करता है।



**सरस्वती शिशु मंदिर मुंगावली में मनाया गया दीक्षान्त समारोह ......**

# विद्या भारती के विद्यालयों में पढ़ने बाले बच्चे लाखों की भीड़ में पहिचान लिए जाते हैं :प्रमोद चतुर्वेदी





सरस्वती शिशु मन्दिर उ. मा. विद्यालय में गत दिवस कक्षा दसम 10ह्लद्ध के भैया बहिनों का दीक्षान्त समारोह सम्पन्न हुआ जिसमें सर्व प्रथम अतिथियों द्वारा सरस्वती माता के चित्र का पूजन अर्चन किया ओर दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम प्रारम्भ किया गया कायर्क्रम को आगे बड़ाते हुए सबसे पहले बहिनो द्वारा सरस्वती बंदना का गायन किया गया उसके बाद अतिथि परिचय करवाया गया अतिथियों में मुख्य बकता के रूप में विद्यालय की संचालन समिति के कोषाध्यक्ष प्रमोद चतुर्वेदी , राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के नगर विस्तारक संजय नागर , जिला सह सरसंघ चालक भान सिंह यादव , पालक प्रतिनधि नटवर गोस्वामी , तथा विद्यालय के प्राचार्य विशाल भार्गव उपस्थित रहे कार्यक्रम में भैया बहिनो द्वारा एक प्रश्नोत्तरी के आयोजन किया गया जिसमें जिस भी भैया बहिन के नाम की पर्ची निकलती थी उसे उस पर्ची में लिखे हुए प्रश्नन का उत्तर देना होता था इसके बात भैया नमन कटारिया ने पिछले 10 वर्षों में पड़ते हुए विद्यालय के अपने खट्टे मीठे अनुभव बताये , भैया आशु यादव ने बताया कि कैसे प्रारंभिक शिक्षा शिशु मंदिर से प्राप्त कर यहां से जाने के बाद वापस यही पड़ने की मनसा हमे यहां पुनः खींच लाई कार्यक्रम में मुख्य बकता के रूप में बोलते हुए बताया कि भैया बहिन 10वी पास करने के बॉद करियर के एक चौराहे पर खड़े राहगीर जैसी स्तिथि म े आ जाते हैं कि अब क्या करें शिक्षा की किस लाइन को चुने जिससे सही दिशा में आगे बड़ा जा सके इस समश्या के समाधान के लिए चतुर्वेदी ने बताया कि विद्यालय को एक करियर काउंसलिंग का आयोजन करना चाहिए जिससे भैया बहिनो को किस दिशा में क्या विषय लेकर पड़ायी करना चाहिए ये बताया जाये उन्होंने आगे कहा कि मुझे कई वर्ष हो गए पड़ायी करवाते हुए मेने एक चीज का अनुभव किया है कि अनुसाशन ओर संस्कारो के मामले में शिशु मंदिरों से पड़ायी करके निकले हुए भैया बहिन हजारों की भीड़ में भी पहिचान लिए जाते हैं उनके संस्कार और अनुशंसित रहने की शैली के कारण उन्होंने बताया कि इस वर्ष से शिशु मंदिर में 11वी की कक्षाएं प्रारम्भ की जाएंगी 10ह्लद्ध पास करके यही इसी विद्यालय में आगे 12वी तक पड़ाई करें कार्यक्रम में विद्यालय की तरफ से भैया बहिनों को पुरुष्कार भी दिए गए जो वह यादगार के रूप में अपने साथ ले गए विद्यालय में प्राचार्य ने सभी भैया बहिनो को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं ओर आशिर्वाद दिया इर कहा कि आप जीवन मे जहां भी रहे जिस क्षेत्र में कार्य करें विद्यालय का नाम रोशन करते रहें अन्त में आभार व्यक्त विद्यालग के आचार्य राधेश्याम उपाध्याय ने किया कार्यक्र्म में भैया बहिनों के भोजन की व्यवस्था भी थी सभी ने मिलकर दाल बाटी , चूरमा के लड्डू का आंनद लिया

# देशी मदिरा प्लेन शराब का अवैध कारोवार करने वाले आरोपी के कब्जे से 40000 रुपए की देशी शराब जप्त कर आरोपी को किया गिरफ्तार

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**



शिवपुरी- शिवपुरी पुलिस अधीक्षक अमन सिहं राठौर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय शिवपुरी एवं अनुविभागिय अधिकारी पुलिस कोलारस द्वारा चलाए जा रहे अवैध मादक पदार्थ व शराब, जुआ, सट्टा अभियान के पालन में आज दिनांक 19.03.2024 को दौराने वाहन चैकिंग मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि थाना तेंदुआ जिला शिवपुरी क्षेत्रान्तर्गत ग्राम कार्या में एक व्यक्ति अवैध रुप से देशी मदिरा प्लेन शराब का व्यापार करता है उक्त सूचना पर से ग्राम कार्या में दविश के दौरान आरोपी जय सिहं उर्फ गोलू पुत्र स्व. जीतेन्द्र सिहं राजावात उम्र 25 साल निवासी ग्राम कार्या के कब्जे से 07 पेटी देशी मदिरा प्लेन शराब कुल 63 लीटर कुल कीमती 40000 रुपये की जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया एवं आरोपी रविन्द्र राजावत पुत्र भगवान सिहं राजावत, अजीत पुत्र अमर सिहं राजावत एवं आरोपियो महिला पत्नि जीतेन्द्र राजावत निवासीगण कार्या के द्वारा शासकीय कार्य में बाँधा उत्पन्न करने पर से उपरोक्त आरोपीगण के विरुद्ध अपराध धारा 34(2) आबकारी एक्ट एवं धारा 353,332,294,34 भादवि का कायम कर विवेचना में लिया गया।

उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी उनि. विवेक यादव, सउनि दिनेश यादव, सउनि राजपाल यादव के.पी.आर. 351 बलवंत पाल, के.पी.आर. 281 आदेश धाकड़, आर.के. 883 अनूप जाट, आर. 1001 पवन जाट, आर
659 विक्रम बाजौरिया व आर 317 भुवनेश शर्मा की सराहनीय भूमिका रही है।

# 24 घण्टे के अंदर अज्ञात लूट के आरोपीगणो को किया गिरफ्तार

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

शिवपुरी-दिनांक 18.3~2024 को फरियादी अनरथ पुत्र कमरलाल आदिवासी उम्र 35 साल निवासी ग्राम डबिया थाना सुरवाया शिवपुरी ने रिपोर्ट किया दिनांक 18.03.2024 को मैं अपने घर ग्राम डबिया थाना सुरवाया से अपने दोस्त के साथ अपने दोस्त प्रताप की मो.सा. क्र. ख्क्क33-ष्ठ-2779 से शिवपुरी कुटीर का पैसा निकालने के लिये स्टेट बैंक की शाखा धर्मवीर की टेक फिजीकल रोड शिवपुरी आये थे मैने बैंक से तीन बार मे कुल 75,000/ रूपये नगदी निकाले थे जो 500-500 के नोट थे जिसमे से मैने 1000 रूपये खर्च कर लिये थे। पैसा निकालकर मैं अपने दोस्त के साथ ठकुरपुरा अपनी रिश्तेदारी मे चले गये उसके बाद ठकुरपुरा से लोटकर फिजीकल रोड कलारी से एक क्वाटर शराब लेकर शराब पी थी फिर हम लोग अपनी प्लेटिना मोटर साइकल से दो बत्ती तिराहा होते हुये करबला रोड पर जा रहे थे हड़मारे पीछे-पीछे एक अज्ञात आँटो हरे कलर जैसा आ रहा था जैसे ही हम ठाकुर बाबा मंदिर के पास बाजा घर के आगे पहुँचे समय करीब दोपहर 02.00 बजे का होगा तभी ऑटो चालक ने हमारी मो.सा. मे टक्कर मार दी मैं मो.सा. को चला रहा था हम लोग जमीन पर गिर पड़े शरीर में जगह-जगह चोटें लगी तभी आँटो में से दो लोग निकले और मुझे तथा मेरे दोस्त की मारपीट करने लगे और मुझे नाले तरफ ले गये मेरी पेंट की दोनो जेबों से रखे 74,000/रूपये निकालकर लूट कर ले गये और मुझे वही छोड दिया रिपोर्ट पर से अपराध क्र 52/24 धारा 394 ताहि 11,13 एम पी डी पी के एक्ट का कायम कर विवेचना मे लिया गया।अपराध



की गभीरता को देखते हुये श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय शिवपुरी के निर्देशानुसार एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय शिवपुरी, श्रीमान सी एस पी महोदय शिवपुरी के मार्गदर्शन मे तत्काल एक टीम गठित की गई टीप व्दारा शहर में लगे सीसीटीवी फुटेज खगाले गये तथा मुखबिरो से चर्चा की गई तो दिनांक 19.3.2024 को मुखबिर सूचना पर से करबला नाले के पास बैठे तीन लोगो को घेराबंदी कर पकडा गया नाम पता पूछने पर अपना नाम गोलू उर्फ अशोक पुत्र वनबारी रजक उम्र 26 साल निवासी फोरेस्ट कॉलोनी आईटीआई कॉलेज के पास शिवपुरी का होना बताया, दूसरे ने अपना नाम गोलू योगी पुत्र संजय योगी उम्र 22 साल निवासी तारकेश्वर कांलोनी शिवपुरी एवं तीसरे ने अपना नाम हेमन्त प्रजापति पुत्र बहादुर प्रजापति उम्र 25 साल निवासी लुधावली शिवपुरी का होना बताया जिनसे घटना के सबंध मे हिकमत अमली से पूछताछ की तो गोलू उर्फ अशोक बताया कि मैंने अपने साथी गोलू योगी व हेमन्त प्रजापति के साथ लूट की घटना कारित करना बताई गई उक्त तीनो लोगो से घटना में लूटे गये मश्रुका में से 51000 रुपये एवं घटना मे प्रयुक्त एक ऑटो क्रमांक एमपी 33 जेड बी 4132 कीमती करीब 1 लाख रुपये कुल एक लाख 51000 हजार रुपये का माल मसरुका जप्त कर आरोपीगणो को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय मे पेश किया गया।आपराधिक रिकार्डः आरोपी गोलू उर्फ अशोक पुत्र वनबारी रजक उम्र 26 साल निवासी फोरेस्ट कॉलोनी आईटीआई कॉलेज के पास शिवपुरी का थाना कोतवाली क्षेत्र में हुई शिवानी हत्याकाण्ड का आरोपी है जबकि हेमन्त प्रजापति के विरूध्द थाना देहात, कोतवाली शिवपुरी में अलग अलग धाराओ में 07 अपराध पंजीबध्द है।

**सराहनीय भूमिका-** इंस्पेक्टर रजनी सिंह चौहान, सार्जेंट। रणवीर सिंह चौहान, एसएसपी बलवीर सिंह कौर, एसएसपी अजय सिंह तोमर, एसएसपी हरीश सोलंकी, एसएसपी जगरूप सिंह चौहान, पी.आर. 798 सत्यवीर सिंह, पीआर 331 राजवीर सिंह पीआर 340 विजय सेंगर, रु. 68 विजय मीना, रु. 897 शकील खान, आर. 235 ब्रजदास धाकड़ आर. 879 रामजीलाल आर. 755 पुष्पेंद्र आर. 226 जीतेन्द्र धाकड़, एम.आर. 434 अपर्णा द्विवेदी,

# थाना सीमा पर पिछोर पुलिस ने पकड़ी 6 लाख रु की अवैध शराब




**राकेश परिहार पिछोर**
**9691338626**

पिछोर थाना पिछोर अंतर्गत मंगलवार देर रात पुलिस की अंतर्राज्यीय बोर्डर जीरो पाईन्ट पर चैकिंग के दौरान एक टवेरा गाड़ी में अवैध शराब की 30 पेटी कुल कीमती 6 लाख 20 हजार की जप्त की गई जानकारी के अनुसार नव आगंतुक पुलिस अधीक्षक शिवपुरी अमन सिंह राठौड़ एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले के निर्देशन में एवं एसडीओपी पिछोर प्रशांत शर्मा के मार्गदर्शन में आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए पुलिस अधीक्षक द्वारा अवैध शराब अवैध मादक पदार्थ माफियाओं पर कार्यवाही हेतु दिये गये निर्देशो के पालन में मंगलवार 19 मार्च की रात को अंतर्राज्यीय बोर्डर चैकिंग पॉइन्ट जीरो पाईन्ट ग्राम लहर्रा में वाहन चैकिंग के दौरान एक टवेरा गाड़ी क्रमांक ख्क्क04क्क9582 में देशी प्लेन शराब की 15 पेटी एवं ब्लेकफोर्ट बीयर की 15 पटरी बाल 30 पेटी कुल 315 लीटर अवैध शराब कुल कीमती 6,20,000 रु. की आरोपी नरेन्द्र पुत्र सीताराम लोधी उम्र 21 वर्ष निवासी सेमरी रोड़ ग्राम बाचरौन थाना पिछोर जिला शिवपुरी के कब्जे से जप्त की गई एवं आरोपी को गिरफ्तार किया गया। थाना वापसी पर आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 142/24 धारा 34(2) आबकारी एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी पिछोर निरीक्षक रत्नेश सिंह यादव, सउनि सतीश जयन्त, प्रआर दीपचंद, आर. देशराज गुर्जर, आर अरुण मेवाफरोस, आर.भूपेन्द्र सिंह की सराहनीय भूमिका रही

# संदेहास्पद सामग्री के परिवहन की बारीकी से जांच करें ,,,,एसडीएम



**राकेश परिहार पिछोर**
**9691338626**

पिछोर (शिवपुरी) लोकसभा निर्वाचन 2024 की तारीखों के ऐलान होते ही शिवपुरी जिला कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रवींद्रकुमार चौधरी के निर्देशन पर पिछोर अनुविभागीय दंडाधिकारी तथा निर्वाचन सहायक रिटर्निंग अधिकारी शिवपुरी गुना संसदीय क्षेत्र जेपी गुप्ता ने गतदिवस मंगलवार को एसएसटी और एफएस टी तथा बीएसटी की संयुक्त रूप से एक बैठक एसडीएम कार्यालय पिछोर में ली गई ।बैठक के दौरान निर्वाचन सहायक रिटर्निंग जेपी गुप्ता ने कहा कि अवैध धन, शराब व अन्य मादक पदार्थ सहित ऐसी सभी संदेहास्पद सामग्री के परिवहन की सामग्री की बारीकी से जांच करें, जिससे मतदाताओं को लुभाया जा सकता है ।लोकसभा निर्वाचन शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए पुलिस और प्रशासन ने एसएसटीऔर बीएसटी की टीमों को निर्देश देते हुए बताया की कार्यवाही के समय सभी सदस्यों का व्यवहार सौम्य और शालीन होना चाहिए लेकिन संदेहास्पद सामग्री पकड़े जाने पर कार्यवाही पूरी सकती से की जाए। यदि कोई समस्या आती है तो तहसीलदार एवं पुलिस प्रशासन को सूचना करें ताकि बह मौके पर उपस्थित हो सके ,उन्होंने कहा है कि एसएसटी एवं एफएसटी में शामिल सभी अधिकारी/ कर्मचारी आपसी समन्वय बनाकर और पूरी मुस्तैदी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें,साथ ही स्थल पर पूरी कार्यवाही की निष्पक्षता के साथ वीडियो रिकॉर्डिंग कराएं और संबंधित को की गई कार्यवाही की लिखित में जानकारी दें ।

# आगामी चुनावों के मद्देनजर शिवपुरी पुलिस द्वारा पुलिस फोर्स को दिया जा रहा प्रशिक्षण

## डिवीजन करैरा के थानों के पुलिस बल को दिया गया चुनावी प्रशिक्षण

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

शिवपुरी-दिनांक 20.03.2024 को पुलिस अधीक्षक शिवपुरी अमन सिंह राठौड़ के निर्देशन एवं अति पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री संजीव मुले, एसडीओपी करैरा श्री शिवनारायण मुकाती के मार्गदर्शन में सूबेदार प्रियंका घोष द्वारा जिले के सब डिवीजनकरैरा में आने वाले समस्त थानों करैरा,अमोला,दिनारा,सीहोर,नरवर, सुरवाया के अधिकारियों/कर्मचारियों को लोकसभा चुनाव प्रशिक्षण दिया गया एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए । उक्त पुलिस बल को चुनावी प्रशिक्षण संबंधी वीडियो फिल्म दिखाकर प्रशिक्षण दिया जा रहा है ।प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य चुनाव के समय आने वाली परेशानियों से आसानी से निपटना एवं मौके पर आवश्यक कार्यवाही करना है ।इस अवसर पर एसडीओपी करैरा श्री शिवनारायण मुकाती, थाना प्रभारी करैरा, अमोला, दिनारा,सीहोर,नरवर,सुरवाया एवं सब डिवीजन करैरा का पुलिस बल उपस्थित रहा



# जीआरएमसी ग्वालियर में सहायक प्राध्यापक बने डॉ. गजेंद्र सिंह



**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

**ग्वालियर** - प्रदेश के सबसे पुराने मेडिकल कॉलेज जीआरएमसी ग्वालियर के बायोकेमिस्ट्री विभाग में डॉ. गजेंद्र सिंह धाकड़ का चयन सहायक प्राध्यापक के पद पर चयन हुआ है। इससे पूर्व डॉ. धाकड़ कोटा ( राजस्थान ) के शासकीय मेडिकल कॉलेज में प्रदर्शक ( डिमॉन्स्ट्रेटर ) के पद पर कार्यरत थे । जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर से बीएससी और गजराराजा मेडिकल कॉलेज ग्वालियर से एमएससी के बाद गजेंद्र सिंह ने बायोकेमिस्ट्री में पीएचडी की शिक्षा प्राप्त की । मुरैना जिले की जौरा तहसील के छोटे से गांव खोरा में किसान के घर जन्मे गजेंद्र सिंह ने संघर्षों से लड़ते हुए यह मुकाम हासिल किया है। आपको बता दें कि गजेंद्र सिंह का परिवार हमेशा ही शिक्षा के प्रति जागरूक रहा है और इसलिए ही इनके चाचा जी डॉ. आर. के. एस. धाकड़ जीआरएमसी ग्वालियर,जयारोग्य अस्पताल समूह के संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक के पद पर कार्यरत हैं , डॉ. आर के एस धाकड़ की यात्रा भी संघर्ष से शिखर तक यात्रा भी बड़ी रोचक और प्रेरणास्त्रोत रही है । डॉ. गजेंद्र सिंह के सहायक प्राध्यापक पद पर चयनित होने पर परिवारजनों , मित्रों ने उन्हें बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित की है ।

# आगामी होली और ईद का त्यौहार सभी शांति, सद्भाव एवं आचार संहिता का पालन करते हुए मनाएं - कलेक्टर

**आगामी त्यौहारों को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित**

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**



शिवपुरी- अभी 25 मार्च को होली का त्यौहार है। इसके बाद अगले माह में ईद मनाई जाएगी। अभी लोकसभा निर्वाचन की आचार संहिता भी प्रभावशील है। सभी शांति और सद्भाव के साथ आचार संहिता का पालन करते हुए सभी त्योहार मनाएं। आगामी त्यौहारों को लेकर शांति एवं सद्भावना समिति की बैठक आयोजित की गई।बैठक में कलेक्टर रवींद्र कुमार चौधरी ने त्योहारों पर व्यवस्थाओं को लेकर संबंधित विभाग के अधिकारियों को भी निर्देश दिए हैं जिसमें विशेषकर नगर पालिका, विद्युत विभाग, यातायात, पुलिस की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। त्योहारों के अवसर पर शहर में साफ सफाई, पेयजल व्यवस्था का ध्यान रखा जाए और फायर ब्रिगेड भी सक्रिय रहे। स्वास्थ्य विभाग द्वारा आकस्मिक चिकित्सा ड्यूटी के लिए दल बनाए जाएं। उन्होंने सभी से अपील की है। गरिमामय ढंग से त्योहार मनाएं। होलिका दहन बिजली के खंभों के नीचे ना किया जाए। चिन्हित स्थलों पर ही होलिका दहन हो। इसके अलावा हरे-भरे वृक्षों को ना काटा जाए। गौकाष्ट और कंडो का ही उपयोग करें।अभी परीक्षाओं का समय है इसलिए लाउडस्पीकर और निर्धारण डेसिमल साउंड में ही डीजे बजाए जाएं। अभी निर्वाचन की आचार संहिता प्रभावशील है, इसलिए किसी भी आयोजन में यह ध्यान रखा जाए,कोई जुलूस सभा आदि की अनुमति लेना होगी। यह ध्यान रखा जाए कि कोई भी धार्मिक आयोजन राजनीतिक कार्यक्रम ना हो। होली रंगों का त्यौहार है। सभी धूमधाम से त्यौहार मनाते हैं। लेकिन यह भी आवश्यक है कि केमिकल युक्त रक्त रंग स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है इसलिए सूखे रंगों, गुलाल की ही होली खेलें।बैठक में पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ भी उपस्थित रहे। उन्होंने पुलिस की टीम को निर्देश दिए हैं डीजे वालों के साथ भी बैठक की जाए और डीजे के उपयोग को लेकर निर्देश का पालन सुनिश्चित कराया जाए।

**थीम रोड पर बने डिवाइडर को ठीक कराने के निर्देश-**थीम रोड पर कत्थामिल के पास एरिया में डिवाइडर के पास अभी दुर्घटना हुई है। आगे ऐसी स्थिति निर्मित न हो। इसके लिए डिवाइडर ठीक कराने के निर्देश दिए। लोक निर्माण विभाग के एसडीओ को वहां दो दिवस में रैलिंग को ठीक कराने के निर्देश दिए हैं

# 4 लाख की स्मैक सहित आरोपी को पकड़ा



**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

शिवपुरी- शिवपुरी पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड , अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले एवं एसडीओपी महोदय श्री संजय चतुर्वेदी द्वारा अवैध रूप से नशीले पदार्थो के आवागमन की रोकथाम हेतु धरपकड की कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये थे निर्देशो के पालन में उनि कुसुम गोयल थाना प्रभारी सुभाषपुरा द्वारा लगातार मुखबिर से सपर्क रखते हुये मुखबिर की सूचना पर से आरोपी रामदीन शर्मा पुत्र छोटेलाल शर्मा उम्र 54 साल निवासी कमालखेडी वार्ड क्रं. 11 , थाना श्योपुर कोतवाली जिला श्योपुर से 20(बीस) ग्राम स्मैक पाउडर अन्तर्राष्ट्रीय कीमत 4,00,000/-(चार लाख रुपये)एवं एक लाल काले रंग की प्लेटिना मोटरसाइकिल कीमती 50,000/- (पचास हजार रुपये) कुल कीमती 4,50,000(चार लाख पचास हजार रुपये) जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया थाना हाजा पर अपराध कायम किया गया। उक्त कार्यवाही मे निम्माकिंत फोर्स की अहम भूमिका रही। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी सुभाषपुरा उनि कुसुम गोयल, सउनि आर के सगर,प्रआर.99 महेश दत्त शर्मा, प्रआर.197 अभय सिंह,प्रआर0 275 अनिल कुमार, आर.968 दामोदर भार्गव, आर0 619 पवन कुमार, आर0 274 धर्मेन्द्र शर्मा आर. 740 रविन्द्र शर्मा, आर.598 अर्जुन जाट,आर0 826 प्रशांत गुर्जर,आर0 463 संजय जाट, की अहम भूमिका रही ।

# दो घरों में लगी आग, सामान जलकर राख।

**संवाददाता प्रदीप जैन (पिंटू) रन्नौद**

रन्नौद-शिवपुरी जिले की रन्नौद तहसील के ग्राम धन्धेरा में आज दोपहर के समय दो घरों में अचानक आग लगने से लाखों रुपए का घरेलू सामान जलकर खत्म हो गया, जानकारी के अनुसार रिंकल पुत्र प्रकाश चिराढ ,भानु पुत्र प्रकाश चिराढ निवासी धंधेरा सुबह अपने परिवार के साथ खेत पर फसल काटने के लिए निकल गए दोनों भाइयों के घर पास में लगे हुए अचानक घरों में आग लगने से करीब डेढ़ से दो लाख रूपये का घरेलू सामान जलकर राख हो गया ,गांव वालों ने रिंकल को जानकारी दी तो तत्काल खेत से रिंकल दौड़ता भागता हुआ घर पर आया जब तक आग बुझाते तब तक पूरा सामान दोनों घरों का जलकर खाक हो गया, तहसीलदार अशोक राजपूत और थाना प्रभारी अरविंद सिंह चौहान मौके पर पहुच गये।इससे घर का सामान जलकर राख हो गया। सूचना मिलते ही फायर बिग्रेड की गाड़ी मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। घर में आग लगने से गांव में अफरा तफरी मच गई। क्योंकि आग भयानक रूप ले चुकी थी। अगर समय रहते काबू पाया जाता तो दूसरे घरों को भी आग अपनी चपेट में ले लेती।।



## एक नजर...

### फिल्म व्हाट ए किस्मत का प्रीमियर शो 22 को लिसा टॉकीज में होगा




सीहोर। बहुप्रतीक्षित फिल्म व्हाट ए किस्मत का प्रीमियर शो शुक्रवार को दोपहर 12 बजे से नगर के लिसा टॉकीज में रखा गया है। यह शो नगर के मीडिया कर्मियों और विशिष्ठ जनों के लिए निशुल्क रखा गया है। ड़िल्म समाप्त होने के बाद मुंबई से सीहोर आने वाले अभिनेता, अभिनेत्रियां, निर्माता श्री अखलेश राय एवं स्क्रिप्ट राइटर निर्देशक श्री मोहन आड़ाद पत्रकारों से रूबरू होंगे। गौरतलब है कि ड़िल्म व्हाट ए किस्मत की संपूर्ण कहानी सीहोर पर आधारित है। इस पूरी ड़िल्म की शूटिंग सीहोर नगर ही हुई है और इसमें अनेक स्थानीय कलाकारों ने अपने अभिनय का परिचय दिया है। फिल्म निर्माण से जुड़े शैलेंद्र गोहिया ने बताया है कि सीहोर के इतिहास में यह पहला अवसर है जब किसी संपूर्ण ड़िल्म का निर्माण यहां किया गया है। यह महत्वपूर्ण उपलब्धि फिल्म निर्माता समाजसेवी श्री अखलेश राय और निर्देशक श्री मोहन आड़ाद की वजह से हासिल है। इनके कारण अब सीहोर का नाम भी मुंबई बॉलीवुड से जुड़ गया है। सीहोर के नागरिकों के लिए लिसा टॉकिज में दोपहर 12 बजे से व्हाट ए किस्मत का शो फ्री रखा गया है। उन्होंने सभी सिने प्रेमियों से फिल्म देखने की अपील की है।

### थाना दबोह से चार स्थाई वारन्टी गिरफ्तार,किया न्यायालय में पेश

अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे




दबोह। श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय श्री असित यादव के निर्देशन में थाना दबोह के स्थाई वारन्टियो को पकडने हेतु समस्त राजपत्रित अधिकारी एवं समस्त थाना प्रभारियों को कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था।इसी तारतम्य में श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री संजीव पाठक एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस लहार के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी दबोह निरी.राजेश शर्मा एवं उनकी टीम द्वारा थाना क्षेत्र के स्थाई वारन्टी प्रकरण क्रमांक 134/14 के स्थाई वारन्टी सुरेन्द्र पुत्र नाथूराम ढीमर निवासी ग्राम जाखौली को गिरफ्तार किया एवं प्रकरण क्रमांक 1460/14 के स्थाई वारन्टी संजय शिल्पकार पुत्र गंगाराम निवासी नई वस्ती समथर जिला झाँसी को गिरफ्तार किया व प्रकरण क्रमांक 584/15 के स्थाई वारन्टी लालसिंह पुत्र धनसिंह बघेल को गिरफ्तार एवं प्रकरण क्रमांक 134/14 के स्थाई वारन्टी नाथूराम पुत्र हरकिशुन ढीमर निवासी ग्राम जाखौली को गिरफ्तार कर न्यायाल लहार पेश किया गया।

**इनकी रही सराहनीय भूमिका**–उक्त उल्लेखनीय कार्य में थाना प्रभारी दबोह निरी. राजेश शर्मा, उनि भान सिंह सिसोदिया, प्रआर. 46 आकाश केन, आर. 1269 विष्णु वंसल, आर. 743 सतेन्द्र सिंह गुर्जर, आर. 37 रमाकांत, आर. 427 रजत, आर. 477 अजय रजक की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### नए पुलिस अधीक्षक धर्मराज मीणा से मानवाधिकार सुरक्षा संघ के संगठन ने मुलाकात की




खरगोन मानवाधिकार सुरक्षा संघ के जिला संगठन ने मंगलवार को नवागत पुलिस अधीक्षक धर्मराज मीणा से मुलाकात कर गुलदस्ता भेंट किया, संगठन ने विगत कई वर्षों से जिले में सामाजिक कार्य किए एवं शासन प्रशासन की योजनाओं का लाभ जरूरत मंद लोगों को पहुंचाने में अविस्मरणीय कार्य किए,और आने वाले दिनों में और भी अच्छे कार्य करने की बात एस पी साहब के समक्ष रखी, जिले में सुशासन बना रहे येसी शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर मानवाधिकार सुरक्षा संघ के जिलाध्यक्ष कमल कुमार गांगले, जिला मीडिया प्रभारी जितेंद्र भालसे,मदन सिंह सिकरवार,संजू बामनिया, नीरज मेहता,धर्मेन्द्र वर्मा, कमल सागोरे आदि सभी उपस्थित थे।

### परीक्षा से डरे नहीं खुशहाली पूर्वक परीक्षा उत्सव मनाये

खरगोन जिले से मुन्ना खान ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे

20 मार्च अंतर्राष्ट्रीय खुशहाली दिवस के अवसर पर आनन्द विभाग द्वारा छात्रावास परिसर खरगोन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान खेल व कल्याण विभाग के ब्लाक समन्वयक आशीष गुप्ता ने विद्यार्थियों से कहा कि परीक्षा से नहीं डरे खुशहाली पूर्वक परीक्षा उत्सव मनाना चाहिए। कार्यक्रम मे डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम लीडर आनंद के.बी.मंसारे ने विस्तार से अंतर्राष्ट्रीय खुशहाली दिवस के बारे में बताया और विश्व भर में खुशहाली दिवस के रूप मे मनाने के उद्देश्य आनंद विभाग की थीम पर बताएं। आज का दिन दुनियां में इस संदेश के लिए भी खास है कि 20 मार्च को दिन और रात का समय बराबर होता है। आनन्द की खोज खुद में अपने अंतर्रात्मा से करे। कार्यक्रम में प्रवाह संस्था चेंज लुमर दीपाली कुशवाहा ने ब्रेन एक्टिविटी कराकर स्वास्थ्य, स्वच्छता और खुशनुमा जीवन के टिप्स दिए। आशीष गुप्ता ने कबीर के दोहे के माध्यम से नैतिक शिक्षा, सार्थक जीवन और सच्चे सुख की बात कही। मंसारे ने विद्यार्थियो से तनाव मुक्ति, संतोष और वास्तविक आनन्द जैसे विषय पर अपने विचार साझा किये। कार्यक्रम में नेहरु युवा केन्द्र के राष्ट्रीय स्वयं सेवक अभिषेक राठौर, आंनद विभाग के सहयोगी श्री रमेश चकवर्ती, हॉस्टल अधीक्षक श्री मालवीय एवं कृष्णराय राठौड का सहयोग रहा।

# भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन का हुआ आयोजन

## शून्य से शिखर पर पहुंचाने वाली पार्टी है भाजपाः- लता वानखेड़े

सिरोंज। आगामी लोक सभा चुनाव में 400 पार का लक्ष्य पूर्ण करने हेतु बुधवार को लटेरी रोड स्थित संस्कार गार्डन फेस 2 में सिरोंज लटेरी विधान सभा क्षेत्र का आयोजित हुआ इस अवसर पर सागर सांसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी श्री मती डॉ लता वान खेड़े, लोकसभा संयोजक प्रभु दयाल पटेल लोकसभा विस्तारक जयप्रकाश चतुर्वेदी आशुतोष शर्मा एवं संघटन के वरिष्ठ नेताओं का मार्गदर्शन कार्यकर्ताओ को प्राप्त हुआ विधानसभा स्तरीय इस सम्मेलन में बड़ी संख्या में निष्ठावान कार्यकर्त्ता एवं महिलाये भी उपस्थित रहे वही कार्यक्रम को संबोधित करते हुए लोकसभा प्रत्याशी श्रीमती लता वानखेड़े ने स्वयं का उदाहरण देते हुए कहा कि मैं सागर जिले की मकरोनिया पंचायत पंच और सरपंच रही हूं और आज पार्टी ने मुझे लोकसभा का प्रत्याशी बनाया है जमीनी कार्यकर्ताओं का अवसर देना ऐसा केवल भाजपा में ही संभव है वही क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक उमाकांत शर्मा ने कहा कि देश ने जिस रामराज की कल्पना थी वह आज मोदी जी के नेतृत्व में पूरी हुई है आज भारत परम वैभव के शिखर तक पहुंचा है मोदी जी ने बीते समय में जो कार्य किए हैं निश्चित ही उन कार्यों से हमारा देश शक्ति संपन्न हुआ है आज सारा देश देख रहा है पड़ोसी देश भारत



की शक्ति को देखकर हतप्रभ है वहीं उन्होंने कहा कि क्षेत्र का हर कार्यकर्ता भारतीय जनता पार्टी की जीत के लिए कार्य करेगा हम सब भारतीय जनता पार्टी की जीत के लिए तन मन और धन से काम करेंगे वहीं उन्होंने कहा कि जनता का सुख ही मेरा सुख है और जनता का दुख ही मेरा दुख है इससे पूर्व कार्यकर्ता सम्मलेन का शुभारम्भ भारत माता पंडित दीन दयाल उपाध्याय श्यामप्रसाद मुखरजी के साथ ही सिरोंज लटेरी विधानसभा के विकास पुरुष लक्ष्मी कान्त शर्मा चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण से शुरू हुआ।इस अवसर पर लोक सभा विस्तारक राहुल मारण वरिष्ठ भाजपा नेता महेंद्र सिंह दांगी, दरयाब सिंह कुर्मी, लक्ष्मण सिंह, राजेंद्र गर्ग, जितेंद्र बघेल, कैलाश शर्मा, मनमोहन साहू, के साथ बड़ी संख्या में भाजपा के पदाधिकारी जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

**पहली बार नगर आगमन पर हुआ भव्य स्वागत**–सागर संसदीय क्षेत्र से लोकसभा प्रत्याशी श्रीमती लता वानखेड़े जी को बनाए जाने के बाद पहली बार नगर आगमन हुआ जिस पर क्षेत्रीय विधायक उमाकांत शर्मा के नेतृत्व में सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा भव्य स्वागत किया गया वही स्वागत से भाव विहाल हुई लता वानखेड़े ने कहा कि चुनाव की रीड हमारे कार्यकर्ता है आज सभी कार्यकर्ताओं को अपने-अपने बूथ केंद्र पर जाकर लाभार्थियों संपर्क करना है एवं इस क्षेत्र से प्रचंड मतों से जीत हो ऐसा हम सबको प्रयास करना है।

## 26 मार्च से 01 अप्रैल तक मण्डी में अनाज एवं कपास की नीलामी बंद रहेगी

खरगोन जिले से मुन्ना खान ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे

कृषि उपज मण्डी समिति खरगोन के सचिव श्री लक्ष्मण सिंह ठाकुर ने जिले के किसानों को सूचित किया है कि होली, धुलंडी एवं रंगपंचमी के त्यौहार के कारण 26 मार्च से 01 अप्रैल 2024 तक कृषि उपज मण्डी में अनाज एवं कपास की नीलामी का कार्य बंद रहेगा। किसान भाईयों से अपील की गई है कि असुविधा से बचने के लिए वे 26 मार्च से 01 अप्रैल की अवधि में अपनी कृषि उपज मण्डी प्रांगण खरगोन में विक्रय के लिए ना लाए।

## खरगोन पुलिस द्वारा 24 घण्टे के अंदर अंधे कत्ल का खुलासा

खरगोन जिले से मुन्ना खान ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे

**जैतापुर निवासी की लाश मिली थी मगरिया फाटे प्रतिक्षालय पर आरोपी के विरुद्ध पूर्व में मृतक की पत्नी द्वारा छेड़छाड़ संबंधी रिपोर्ट लिखाई थी, घटना वाले दिन मृतक को आरोपी द्वारा पिलाई गई थी शराब, नशे की हालत में आरोपी ने ईंट से वार कर की हत्या।**

पुलिस महानिरीक्षक महोदय इंदौर ग्रामीण झोन श्री अनुराग एवं नवागत पुलिस उप महानिरीक्षक निमाड़ रेंज खरगोन श्री अतुलसिंह जी द्वारा खरगोन जिले में हो रहे विभिन्न अपराधों पर अंकुश लगाने हेतु निर्देशित किया था। जिसके पालन में नवागत पुलिस अधीक्षक खरगोन श्री धर्मराज मीना जी द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर एवं ग्रामीण श्री तरुणेंद्र बघेल व श्री मनोहर बारिया के नेतृत्व में समस्त अनुविभागीय अधिकारी एवं थाना/चौकी प्रभारियों को गंभीर अपराधों पर अंकुश लगाने व आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु आदेशित किया गया। जिसके परिणामस्वरूप एसडीओपी खरगोन श्री रोहित लखारे व थाना प्रभारी मेनगांव श्री बलरामसिंह राठौर जी के नेतृत्व में पुलिस चौकी जैतापुर द्वारा अंधे कत्ल का खुलासा करने में पाई सफलता।

**घटना का संक्षिप्त विवरण**–दिनांक 18.03.2024 को सुबह मेहरजा फाटा यात्री प्रतिक्षालय मे कैलाश पिता सोदान कण्डोले जाति मोची उम्र 44 साल निवासी माता चौक मंदिर के पास जैतापुर का शव मिला जिसके दोनो आँखो के ऊपर व सीर मे चोट के निशान थे मोके पर जिला स्नस्रु अधिकारी श्री सुनील मकवाना एवं फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट श्री महेश गहलोत द्वारा अपनी प्रशिक्षित टीम के साथ घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर वैज्ञानिके साक्ष्य एकत्रित किये। मृतक के भाई सुरेश



पिता सौदान कण्डोले की सूचना पर थाना मेनगांव पर मर्ग क्रमांक 16/24 धारा 174 जा. फौ. का कायम कर जाँच मे लिया गया। मर्ग जाँच के दौरान परिजनो के द्वारा गोविन्द चौहान निवासी ग्राम बिरोठी पर शंका जाहीर की गयी जिसके संबंध में घटना दिनांक की रात्रि के सीसीटीव्ही फुटेज एकत्रित किये गए जिनका बारीकी से विश्लेषण किया गया तो घटना दिनांक की रात्रि में आरोपी गोविंद चौहान व मृतक कैलाश कंडोले साथ मे ही घूमते नजर आए। जिसके उपरांत सायबर सेल प्रभारी दीपक तलवारे व मुखबिरों की मदद से संदेही गोविंद की तलाश की गई तो पता चला कि वह मानसी बस का ड्राइवर है और बस लेकर खंडवा गया है । तब पुलिस टीम ने बमनाला के पास जाकर रोड किनारे पुलिस जीप का बोनट खोल कर खड़ा कर दिया जिससे लगे कि पुलिस जीप खराब हक गई है। उसके बाद जब मानसी बस को चलाते हुए संदेही गोविंद आया तो पुलिस ने बस को रुकवा कर बताया कि हमारी जीप खराब हो गई है हमे खरगोन तक छोड़ देना। पुलिस बस में बैठ गई और जब गाड़ी बस स्टैंड पर पहुची व बस की सभी सवारी उतर गई तो बस ड्राइवर संदेही गोविंद को पुलिस ने हिरासत में ले लिया जिसे थाने पर ले जाकर घटना के संबंध में मनोवैज्ञानिक तरीके से पूछताछ की गई तो पहले आना कानी करने लगा किन्तु अंततः घटना करना स्वीकार कर लिया। जिसके विरूद्ध थाना मेनगांव पर अपराध क्रमांक 92/24 धारा 302 भादवि 3(2)(ङ्क) स्ष्ट/स्ङ्ग-ष्ट्ङ्ग का कायम कर आरोपी गोविंद चौहान पिता मोहब्बतसिंह चौहान जाति राजपुर निवासी ग्राम बिरोठी खरगोन को अपराध सदर में गिफ्तार किया गया । जिसे माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर पलिस रिमांड लिया जावेगा।

**हत्या करने का कारण**घटना के आरोपी गोविंद चौहान के विरुद्ध मृतक की पत्नी द्वारा पूर्व में छेड़छाड़ संबंधी रिपोर्ट लिखाई थी जिसमे उसे जेल जाना पड़ा था। उसी पुरानी रंजिश को लेकर तथा घटना दिनांक को मृतक के द्वारा शराब के नशे में आरोपी को गाली देना सहन नही कर पाया और मेहरजा फाटे के यात्री प्रतिक्षालय के पास रखी ईंटो से आरोपी ने मृतक के सिर पर ताबड़ तोड़ वार किया जिससे कैलाश के सिर में गंभीर चोंट आई और लगातार खून बहने की वजह से उसकी मृत्यु हो गई। घटना करने के बाद आरोपी वहां से भाग गया और नहा धोकर रोज की तरह सुबह मानसी यात्री बस को चलाकर खण्डवा ले गया।

**गिरफ्तार आरोपियो के नाम**

1. गोविन्द पिता मोहब्बतसिंह चौहान जाति राजपूत निवासी ग्राम बिरोठी

**पुलिस टीम**–उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी मेनगांव श्री बलराम सिंह राठौर, चौकी प्रभारी जैतापुर श्री सुदर्शन कुमार, कावा उनि नरेन्द्र सिंह मण्डलोई, सउनि पवन सिंह अचाले, सउनि अनिल तिवारी, कावा प्रआर 382 लोकेश वास्कले, कावा प्रआर 21 किशोर पाटीदार, कावा प्रआर 573 मोहन मेढा, कावा प्रआर मुकेश पटेल, प्र आर कालू सिंह कोरिया, प्रआर विकास पंवार, आर. 1013 अमीत, आर. 989 अजीत, आर. 933 तंवरसिंह, आर. 1029 प्रशांत, आर करण, आर अभय, आर. 217 भुरेसिंह, महिला आर सोनू सिंह,व सायबर सेल से सायबर सेल प्रभारी दीपक तलवारे, प्रआर आशीष अजनारे, आर अभिलाष, आर सचिन, आर विजयेंद्र, आर मगन, आर सोनू का विशेष योगदान रहा।

## मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश की सनसनी खेज घटना डॉक्टर नारायण हरि अपरहरण काण्ड में न्यायाधीश राजेन्द्र सिंह ठाकुर द्वितीय अपर सत्र अम्बाह के द्वारा फैसला सुनाया गया




**अम्बाह।** विशेष लोक अभियोजक श्री गनेश सिंह तोमर ने बताया कि घटना दिनांक 02.02.2006 को शाम 5.00 बजे के करीब एक शादी समारोह में सम्मिलित होने डॉक्टर नारायण हरि ग्वालियर गये थे। रात 10.30 बजे शादी समारोह यूनिवर्सिटी ग्वालियर से चले थे मुरैना में अपने मकान के सामने गाडी खडी करके अपने छोटे भाई से की बात और कहा कि मैं सीधा अंबाह जा रहा है। रात 1.00 बजे के करीब रानपुर में दूसरे ब्रेकर पर पहुंचे तो अचानक एक हीरो होण्डा मोटर साइकिल से आये और कार के आगे मोटर साइकिल लगाकर रोक लिया। कार का गेट खोलकर डॉक्टर नारायण हरि को पीछे से धकेल दिया और एक बदमाश ने कट्टा अडा दिया और एक बदमाश डॉक्टर की कार को चलाने लगा। कार को बैक करके कुथियाना की तरफ ले गये। कार से डॉक्टर को उतारकर खेतों में होते हुए चंबल के बीहड में ले गये और गैंग को सुपुर्द किया था। उक्त अपहरण की एफआईआर दिमनी थाने में दर्ज हुई थी। पुलिस ने विवेचना में 40 व्यक्तियों को आरोपी बनाया था जिसमें ट्राइल के दौरान 6 आरोपी खत्म हो गये है और दो आरोपी फरार है। माननीय न्यायालय द्वारा गोरे सिंह उर्फ अजयपाल सिंह, निवासी- किरार्यच को आजीवन कारावास और 20 हजार रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया, आरोपी सोनू उर्फ भूपेन्द्र सिंह पवैया, निवासी-रनखेरा को भी आजीवन कारावास और 10 हजार रूपये अर्थदण्ड से दण्डित किया है। आरोपी जितेन्द्र उर्फ लला, निवासी-जालौनी को आजीवन कारावास और 10 हजार रूपये अर्थदण्ड से दण्डित किया है। आरोपी घनश्याम उर्फ घन्शू, निवासी- बमहौरा को आजीवन कारावास और 10 हजार रूपये अर्थदण्ड से दण्डित किया है। आरोपी राजू पुत्र रामवीर, निवासी- कचनौधा को आजीवन कारावस और 20 हजार रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। सभी आरोपीगण को सजा वारण्ट बनाकर जेल भेजा गया तथा अन्य आरोपीगण को बरी किया गया है।

## ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने किया लोकसभा चुनाव प्रचार का श्रीगणेश

महेन्द्र शर्मा उप पुष्पजली टुडे

ग्वालियर। प्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर मंगलवार को पूरी तरह चुनावी रंग में रंगे नज़र आए। इस दौरान उन्होंने न केवल ग्वालियर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा के अधिकृत उम्मीदवार भारत सिंह कुशवाहा के पक्ष में प्रचार अभियान

### बूथ विजय संकल्प अभियान में हुए शामिल

का श्रीगणेश किया, बल्कि भाजपा के बूथ विजय संकल्प अभियान में शामिल होकर केन्द्र सरकार की योजनाओं का प्रचार-प्रसार करते हुए ग्वालियर-15 विधानसभा क्षेत्र के राजा मानसिंह मंडल के अन्तर्गत कांचमील, चंदनपुरा, रेशम मील की विभिन्न कालोनियों, मोहल्लों तथा गलियों में घर -घर जाकर भाजपा के समर्थन में जनसम्पर्क किया। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने मध्य प्रदेश की सभी 29 लोकसभा सीटें जीतने के लिए भाजपा के बूथ विजय संकल्प अभियान के तहत भाजपा कार्यकर्ताओं का



आव्हान करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव से ठीक पहलेी भाजपा की द्वारा बूथ को मजबूत करने का उद्देश्य प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के अबकी बार 400 पार के संकल्प को पूरा करना है। उल्लेखनीय है कि भाजपा इस अभियान के जरिए सभी बूथ और पन्ना-अर्ध पन्ना प्रभारियों की सक्रियता से लेकर मतदाताओं से भी सम्पर्क साध रही है। इसी क्रम में प्रदेश के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने ग्वालियर लोकसभा के अलग-अलग मतदान केन्द्रों में कुछ समय बिताया।इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं के साथ बैठक भी की। इस अभियान के तहत जनसंपर्क करते हुए जब ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर को भूख लगी तो उन्होंने चंदनपुरा में श्रीमती संपदा भदौरिया के घर की दहलीज पर बैठकर भोजन किया।

**ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर का दिखा अलग अंदाज**–ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर जब मंगलवार की दोपहर महाराज बाड़ा स्थित भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में आयोजित कोर कमेटी की बैठक में शामिल होकर वापस अपने रेसकोर्स रोड स्थित 38 नम्बर सरकारी कार्यालय के लिए रवाना हुए तो इससे पहले उन्होंने भाजपा संगठन के कार्यकर्ताओं के संग पानी पूड़ी का आनंद लिया। तदोपरांत वह एक अलग अंदाज में नजर आए। आमतौर पर सरकार के मंत्रियों को मिलने वाली सरकार सुविधाओं को छोड़कर वह शहर की सड़कों पर ई-रिक्शे की सवारी करते नजर आए। उनके इस तरह ई-रिक्शे में बैठकर शहर में घूमने के वीडियो सोशल मीडिया में खूब वायरल हो रहे हैं।